# सिविलवाद अंतर्गत लंबित प्रकरणों में हाई कोर्ट में समय सीमा में जवाब प्रस्तुत करें-कलेक्टर

## साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा बीएलओ से एसआईआर का कार्य पूर्ण करवाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी जिलाधिकारी साप्ताहिक बैठक पालन प्रतिवेदन समय पर भेजें। भूमि आवंटन से जुड़े प्रकरणों को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने कहा कि समय सीमा में आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर आगामी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सिविलवाद अंतर्गत लंबित प्रकरणों में हाई कोर्ट में समय सीमा के भीतर जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने पेंशन प्रकरणों को गंभीरता से लेने की बात दोहराते हुए कहा कि कोई भी पेंशन मामला अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। मॉडल रोड निर्माण की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए। जहां-जहां अतिक्रमण है, उन्हें चिन्हित कर वैधानिक कार्यवाही की जाए ताकि वास्तविक स्वरूप में मॉडल रोड का निर्माण हो सके। विद्युत विभाग को घंटाघर क्षेत्र में ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। राजस्व विभाग को उन सभी राजस्व गांवों में लंबित सर्वे कार्य तुरंत पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया, जहां सर्वे की प्रक्रिया शेष है। पशुपालन विभाग को जिले में संचालित गौशालाओं का सर्वे तेजी से पूर्ण कर समग्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन सहित सभी जिलाधिकारी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में एस आई आर, हितग्राही मूलक योजनाओं, सीएम हेल्पलाइन, समग्र ई केवायसी, समयावधि पत्रों, समाधान पोर्टल एवं अन्य विषयों पर विभाग वार समीक्षा कर विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। टी एल बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वर्तमान सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर सभी विभाग प्रमुख अपने विभाग की उपलब्धियों की जानकारी कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध करवायें। दिसम्बर माह गुड गवर्नेस के रूप में मनाया जा रहा है। सभी अधिकारी विभाग के निर्देशानुसार कार्यवाही संपादित करे। जनप्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले पत्रो का जवाब अवश्य दे। सी एम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करे। कोई भी शिकायत नान अटेण्डेड अगले स्तर पर नहीं जाये यह सुनिश्चित करें। शिकायत का समाधान कारी निराकरण कर जवाब पोर्टल पर दर्ज करे।



क्लस्टर स्तर पर होगी समीक्षा बैठक- जिले मे शासन की फ्लेगशिप योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए दिसम्बर माह से निर्धारित तिथि अनुसार क्लस्टर पंचायत मुख्यालय पर सभी जिला अधिकारी उपस्थित होकर मैदानी अमले के सहयोग से आमजन की समस्याओं/आवश्यकताओं का अनुश्रुवण कर पंजी मे दर्ज करेगें। सभी अधिकारीयों की समीक्षा बैठक क्लस्टर मुख्यालय पर होगी।पहली क्लस्टर बैठक शिवगढ क्लस्टर मुख्यालय पर 5 दिसम्बर को आयोजित की जाएगी। सभी विभाग प्रमुख अपने विभाग की योजनाओं की पूरी तैयारी कर ले।

# कांग्रेस संगठन में महेश वीरवाल को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से जिले के सक्रिय नेता महेश वीरवाल को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। पूर्व में वे अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद पर थे। उनके सफल कार्यकाल, संगठन में ऊर्जा भरने की क्षमता और कार्यकर्ताओं के बीच मजबूत पकड़ को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस संगठन ने उन्हें प्रदेश सचिव पद पर मनोनीत किया है। वीरवाल लंबे समय से कांग्रेस के समर्पित सिपाही के रूप में कार्य करते आए हैं। वे एक बार पार्षद भी रह चुके हैं और सदैव सामाजिक मुद्दों को बेखौफ रूप से उठाते रहे हैं।महेश वीरवाल ने हमेशा जनता की आवाज को मुखरता से उठाया है। प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष भी वे जनहित के विषयों पर बेझिझक अपनी बात रखते रहे हैं। कार्यकर्ताओं के हितों की रक्षा करना, संगठन को मजबूत बनाना और पार्टी को जमीनी स्तर पर सक्रिय रखना उनकी पहचान रही है। यही कारण है कि प्रदेश सचिव के रूप में उनके मनोनयन की खबर मिलते ही कांग्रेस संगठन में उत्साह का वातावरण बन गया। सोमवार को गांधी भवन में कांग्रेसजनों ने महेश वीरवाल का साफा पहनाकर और पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक व सहकारी नेता नंदकिशोर पटेल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष तरुण बाहेती, शहर अध्यक्ष मोनू लोक्स, राकेश अहीर सहित कांग्रेस के पार्षद, महिला कांग्रेस की नेत्रियाँ और विभिन्न जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।सभी ने वीरवाल को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्जवल राजनीतिक भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने प्रदेश संगठन के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने योग्य नेतृत्व को सम्मानित कर पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है।

# एड्स को लेकर समाज से संकोच को दूर करना होगा-कलेक्टर

## विष्व एड्स दिवस पर कलेक्टर ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम व्यवधान पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में बदलाव लाना रही। कलेक्टर अदिति गर्ग ने विशाल जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा माय रेड प्लेजकृआओ मिलकर एक कमिटमेंट लें, एचआईवी/एड्स को दूर भगाएँ पर हस्ताक्षर किए। कलेक्टर गर्ग ने कहा कि एचआईवी/एड्स को लेकर समाज में फैले संकोच और भ्रांतियों को दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि बीमारी को बीमारी की तरह ही लेना चाहिए। इसके प्रति जागरूकता और सही जानकारी ही सुरक्षा का सबसे बड़ा साधन है। कार्यक्रम में डॉ. शशि गांधी (डीन) ने एचआईवी के चार प्रमुख कारणों, जांच प्रक्रिया, एचआईवी/एड्स एक्ट 2017 तथा जांच व परिणाम की गोपनीयता पर विस्तृत जानकारी दी। सीएमएचओ डॉ. एस.जी. चौहान ने बताया कि इस वर्ष जिले में 117 पॉजिटिव केस दर्ज हुए हैं तथा वर्तमान में 2158 मरीज ए.आर.टी. उपचार प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश में ए.आर.टी. सेवाओं में मंदसौर जिले का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। उपचार के परिणाम भी प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के हैं। कार्यक्रम में सुन्दरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा एचआईवी/एड्स रोकथाम पर आधारित प्रभावी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जागरूकता रैली जिला चिकित्सालय परिसर से प्रारंभ होकर गांधी चौराहा, बस स्टैंड होते हुए जिला प्रशिक्षण केंद्र आईपीपी-6 पर संपन्न हुई। प्रतिभागियों को 1097 हेल्पलाइन नंबर अंकित पेन एवं जागरूकता पम्पलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन जिला एड्स नियंत्रण समिति के नोडल अधिकारी श्री राजेश रजक द्वारा किया गया।



# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर जीरन कॉलेज में गीता पाठ एवं व्याख्यान

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय जीरन में अंतर्राष्टीय गीता जयंती पर सामूहिक गीता पाठ किया गया. गीता जयंती पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ बाला शर्मा ने इस अवसर के महत्व को बताते हुए गीता के उपदेशों के माध्यम से जीवन की राह आसान करने के लिए विद्यार्थियों एवं उपस्थित स्टाफ को संबोधित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. रविकांत जाटव, डॉ. आशीष सोनी, एवं प्रो. रितेश चौहान ने भी विद्यार्थियों को संबोधित कर गीता के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा गीता के 15 अध्याय पर आधारित बुकलेट का वितरण किया जाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# जिला जेल नीमच में गीता महोत्सव संपन्न

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** म.प्र.शासन जेल विभाग मंत्रालय भोपाल एवं जेल मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार गीता जंयती के अवसर पर अन्तर्राष्टीय गीता महोत्सव का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जेल में परिरूद्ध 415 पुरूष बंदी एवं 10 महिला बंदिनियों ने भाग लिया और श्रीमद् भगवद् गीता के 15वें अध्याय का सस्वर पाठ किया।

# तपस्वी अशोक कुमठ का भव्य वरघोड़ा



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बही पार्श्वनाथ तीर्थ में आचार्य देव निपुणरत्न सूरीश्वर मसा की निश्रा में आयोजित 47 दिवसीय उपधान तप के सफल समापन के बाद पहली बार नगर आगमन पर समाज रत्न अशोक कुमठ का भव्य वरघोड़ा पिपलिया जैन मंदिर से निकाला गया। नगर में धर्म, भक्ति और उत्साह का अनूठा समन्वय देखने को मिला। बही तीर्थ में मोक्षमाला महोत्सव के पश्चात उपधान तप आराधक अशोक कुमठ विमलनाथ जैन मंदिर पहुंचे, जहां सामूहिक चौत्यवंदन, छाप समर्पण और धर्म आराधना का पावन विधान हुआ। यहां आयोजित सम्मान समारोह में विमलनाथ श्री संघ, नवरत्न युवा परिवार, महिला मंडल, बहु मंडल एवं बालिका मंडल की ओर से तपस्वी का शाल, श्रीफल और अक्षत से आत्मीय स्वागत एवं बहुमान किया गया। इस अवसर पर संघ द्वारा तपस्वी अशोक कुमठ और मधु दख को अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। पत्र का वाचन संघ अध्यक्ष वीरेन्द्र राणावत एवं बहु मंडल प्रमुख निधि आंचलिया ने किया। सम्मान कार्यक्रम के बाद बैंड-बाजों, ढोल-ढमाकों और जयकारों के साथ भव्य चल समारोह पिपलिया जैन मंदिर से तपस्वी के निवास स्थान तक निकला। मार्ग में समाजजनों द्वारा विभिन्न स्थानों पर शाल, श्रीफल एवं मालाओं से तपस्वी का सत्कार किया गया। इसके पूर्व बही तीर्थ में आयोजित मोक्षमाला महोत्सव में आचार्यश्री को समाजजनों द्वारा 'संघ हित चिंतक' की उपाधि से अलंकृत किया गया। इस गौरवशाली अवसर का लाभ इंदौर निवासी मैनाबाई चिरंजीलाल कटारिया परिवार ने लिया।

# पिपलियामंडी निवासी सार्थक अग्रवाल भारत सरकार के सुप्रीम कोर्ट पैनल में नियुक्त



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पिपलियामंडी निवासी राकेश अग्रवाल (बसंल) के पुत्र सार्थक अग्रवाल को भारत सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट पैनल में नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति केंद्र सरकार की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में मुकदमों की पैरवी हेतु की गई है। भारत सरकार, विधि एवं न्याय मंत्रालय (विधिक मामलों का विभाग) ने आदेश जारी कर यह नियुक्ति दी। जारी आदेश के अनुसार, राष्ट्रपति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के लिए अधिवक्ताओं की नियुक्ति संबंधी पूर्व आदेशों के क्रम में तालिका 'एक्स' में उल्लिखित अधिवक्ताओं को इस आदेश के तहत तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक नियुक्त किया गया है। इन्हीं में शामिल हैं सार्थक अग्रवाल, जिन्हें केंद्र सरकार के मुकदमों की पैरवी करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# गीता पूरे विष्व को कर्म करने का संदेश देती है- सांसद सुधीर गुप्ता

## भगवान पशुपतिनाथ मंदिर आराधना हॉल में हुआ सामूहिक गीता पाठ का आयोजन

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतर्राष्टीय गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर आज भगवान पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के आराधना हॉल में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक गौरव के साथ संपन्न हुआ। शुभारंभ मां सरस्वती एवं भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। शंखध्वनि और स्वस्तिवाचन के पावन वातावरण में अतिथियों का स्वागत किया गया।

इसके पश्चात सामूहिक गीता पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने श्रद्धा भाव से सहभागिता की। सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि षीता किसी एक धर्म का ग्रंथ नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए जीवन का मार्गदर्शन है। गीता कर्म को प्रधानता देती है और हमें परिणाम की चिंता किए बिना कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि धर्म का अर्थ केवल परंपराओं से नहीं, बल्कि कर्तव्यनिष्ठा और जीवन में धैर्य, साहस व सत्य के पालन से है। अर्जुन को मोह से बाहर निकालकर कर्तव्य का बोध कराने वाली गीता आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर तथा नोडल अधिकारी व पीजी कॉलेज प्राचार्य श्री जे.एस. दुबे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने गीता को जीवन का सार बताते हुए इसे आत्म-विकास, चरित्र निर्माण और मानव कल्याण की आधारशिला बताया। वक्ता गणों ने कहा कि गीता का मुख्य उद्देश्य मनुष्य को कर्तव्य, सत्य, साहस, आत्मबल तथा विवेकयुक्त निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना है। विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना का विकास गीता अध्ययन से स्वाभाविक रूप से होता है। संचालन डॉ. जे.के. जैन द्वारा किया गया।



# शिक्षा में गुणवत्ता सुधार एवं सामुदायिक भागीदारी के लिए गांवों में शिक्षा चौपाल लगाई जाएगी-श्री चंद्रा

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच जिले में जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने, अध्यापन कार्य की गुणवत्ता में सुधार तथा बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में विशेष सुधार करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत नीमच के सभाकक्ष में जिले के सभी हाई स्कूल, हायर सेकेण्ड्री स्कूलों के प्राचार्यो, संकुल प्राचार्यो तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने सभी प्राचार्यो को निर्देश दिए, कि विद्यार्थियों की शिक्षा, अध्यापन, परीक्षा परिणाम में सुधार कार्य को सभी सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

बैठक में कलेक्टर ने सभी प्राचार्यो को निर्देश दिए, कि वे कक्षावार विद्यार्थीवार अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा एवं विशलेषण कर ले और आगामी प्रीबोर्ड एवं मुख्य परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणामों की तैयारी करवाएं। अच्छी मेहनत करें, अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के आधार पर बच्चों की प्रोफाईल तैयार कर, उनकी शिक्षा, अध्यापन पर विशेष ध्यान दें, विशेष अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करें। कठिन विषयों के अध्यापन पर विशेष ध्यान दें।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शाला के सभी विद्यार्थी ए ग्रेड के साथ अनिवार्य रूप से उत्तीर्ण हो। कोई भी विद्यार्थी अनुत्तीर्ण ना हो, इसका विशेष ध्यान रखे।

बैठक में कलेक्टर ने शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री स्कूलों के अर्द्धवार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान पर रहे और न्यूनतम स्थान पर रहे विद्यालयों के प्राचार्यो से वन-टू-वन चर्चा की। उन्होने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम वाले सभी प्राचार्यो की सराहना की। वही न्यूनतम परिणाम वाले प्राचार्यो को सुधार लाने की हिदायत दी। कलेक्टर ने 10वीं एवं 12वीं में अपेक्षित कम परिणाम वाले विद्यालयों के प्राचार्यो को कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने तथा उत्तर संतोषजनक प्राप्त नहीं होने पर कार्यवाही करने के निर्देश भी जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। कलेक्टर ने सभी प्राचार्यो तथा शिक्षकों को विद्यालय में समय पर उपस्थिति होने, ई-अटेन्टेंस के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने, अपने विषय का अध्यापन गंभीरता पूर्वक कराने तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने विषय वार अलग-अलग चार नोडल जिला स्तर से विद्यालयों में परिणाम सुधार के लिए नियुक्त करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार, अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम में कमजोर विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए अभिभावकों से संवाद व चर्चा के लिए सभी गांवों में शिक्षा चौपाल आयोजित करने के निर्देश सभी प्राचार्यो को दिए। उन्होने आगामी प्री बोर्ड व मुख्य परीक्षा परिणाम में शतप्रतिशत विद्यार्थी 75 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण हो यह प्रयास करने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओं श्री अमन वैष्णव, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एम.मांगरिया, सहायक संचालक श्री मनोज जैन, श्री प्रलयकुमार उपाध्याय, बीईओ एवं प्राचार्यगण उपस्थित थे।

# संवर्धन अभियान के तहत 10 करोड़ 89 लाख रु की लागत से 916 कार्यो की स्वीकृति दी

**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जावरा विधानसभा क्षेत्र के पिपलौदा में स्टेडियम निर्माण किया जाना है,लेकिन शासन की नई नीति के मापदण्ड अनुसार अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है,जिसके आवंटन होने के पश्चात स्वीकृति दी जाएगी। प्रदेश के खेल व युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने जावरा विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रश्न पर जानकारी दी। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के प्रथम दिन विधायक डॉ पांडेय के प्रश्न पर खेल मंत्री श्री सारंग ने कहा कि 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने पिपलौदा में खेल स्टेडियम की घोषणा की थी।वर्तमान में नीति अनुसार 10 एकड़ भूमि की आवश्यकता होती है,जिसमे से 5 एकड़ भूमि विभाग को प्राप्त हो गई शेष 5 एकड़ भूमि के आवंटन के लिए जिला कलेक्टर को लिखा गया है। जावरा ब्लाक में खेल स्टेडियम के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया की जा रही है। विधायक डॉ पांडेय के प्रश्न के जवाब में पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने बताया कि वर्ष 2023-24 से लेकर आज तक जावरा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में जल सरंक्षण के विभिन्न उपाय किये जा रहे है।प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना,वाटर शेड एव जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 1073 स्थानों पर लगभग 20 करोड़ 49 लाख रु के कार्यो को स्वीकृति दी गई। जिनमे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई व वाटरशेड योजना के तहत 9 करोड़ 60 लाख रु की लागत से 157 कार्य एव जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 10 करोड़ 89 लाख रु की लागत से 916 कार्यो की स्वीकृति दी गई। विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के एक अन्य प्रश्न पर मंत्री श्री पटेल ने बताया कि क्षेत्र में सांस्कृतिक शेड निर्माण कार्य के लिए स्थल निरीक्षण कराया जा रहा है।

# न्यायालय ने दिया वन विभाग के पक्ष में फैसला आरक्षित वन भूमि पर मालिकाना हक का दावा खारिज खारमोर पक्षी संरक्षण का कार्य जारी रखने दिये निर्देश

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय नीमच ने 21 नवंबर 2025 को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया, जिसमें दो महिलओं द्वारा वन विभाग नीमच के विरूद्ध दाखिल याचिका में सुनवाई करते हुये वन विभाग की भूमि पर, मालिकाना हक दिलाने और स्थायी निषेधाज्ञा जारी करने संबंधी दावा खारिज कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि, कमलाबाई पति मोहनलाल निवासी- देउखेडा, जिला ङ्क प्रतापगढ (राज.) तथा सरखलाबाई पित गोपाल निवासी- आसपुरा, जिला ङ्क नीमच ने प्रथम व्यवहार न्यायाधीश ÷वरिष्ठ खंड÷, नीमच के न्यायालय में म.प्र. शासन वन विभाग के खिलाफ याचिका आरसीएस ङ्कए- 205/2019 दाखिल की थी। जिसमें वादी कमलाबाई और सरखलाबाई ने ग्राम अघोरिया, तहसील जीरन स्थित सर्वे क्रमांक 336, 350, और 338 की भूमि पर अपना स्वामित्व और (कब्जा) होने का दावा किया था। उनका तर्क था कि, यह भूमि उन्हें उनके स्वर्गीय पिता भैरूलालजी जाट से पैतृक संपत्ति के रूप में मिली थी। जिसके विरूद्ध वन विभाग ने अपना पक्ष रखा कि, विवादित भूमि आरक्षित वन है, जिसे मध्य प्रदेश राज्य पत्र में 1 फरवरी 1974 को ही अधिसूचित किया जा चुका है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि, भूमि वन विभाग के कब्जे की आरक्षित वनभूमि है तथा यह भूमि लुप्त वन्यजीव खरमौर के संरक्षण के लिये विकसीत की जा रही है। न्यायालय ने प्रकरण में याचिकाकर्ताओं तथा वन विभाग, नीमच दोनो पक्षो की सुनवाई के बाद फैसला दिया कि, दोनो याचिकाकर्ता विवादित संपत्ति पर अपने स्वामित्व और आधिपत्य को प्रमाणित करने में असफल रही हैं तथा वे यह साबित नही कर सकी है कि उन्हें यह संपत्ति उनके पिता से पंजीकृत विक्रय पत्र या विभाजन जैसे किस माध्यम से प्राप्त हुई थी। न्यायालय ने राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज होने को मात्र राजस्व वसूली से संबंधित माना तथा वन विभाग नीमच के पक्ष में फैसला दिया कि वन विभाग द्वारा विवादित भूमि पर निर्माण कार्य किसी भी तरह से अतिक्रमण नहीं है, बल्कि यह विभाग द्वारा स्वीकृत नक्शे पर किया जा रहा है तथा यह कार्य आरक्षित वन सीमा के अंदर किया गया है, जिसका उद्देश्य लुप्तप्राय खरमौर पक्षी का संरक्षण करना है। न्यायालय द्वारा दोनो याचिकाकर्ताओं के दावें को खारिज कर दिया है। न्यायालय में शासन की ओर प्रभावी पक्ष रखने में वनमण्डलाधिकारी नीमच एस.के. अटोदे, एसडीओ फारेस्ट दशरथ अखण्ड, रेंजर नीमच पी.एल. गेहलोत, परिक्षेत्र सहायक नीमच रमेश प्रजापति तथा परिक्षेत्र सहायक जीरन आशिष प्लास की सक्रिय भूमिका रही।

# युवा पीढी भागवत गीता का अध्ययन करें- मोहन नागर गीता जयंती पर श्रीमद् भागवत गीता के 15 वे अध्याय का सामूहिक पाठ किया गया

**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मार्गशीर्ष माह शुक्ल पक्ष एकादशी विक्रम संवत 2082 गीता जयंती के अवसर पर अंतर्राष्टीय गीता महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रतलाम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में इस्कॉन के राजमणि प्रभुजी के नेतृत्व में इस्कॉन की टीम व सरस्वती शिशु मन्दिर के छात्रों के द्वारा 15 वे अध्याय का वाचन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, राज्य मंत्री दर्जा श्री मोहन नागर ने भगवान श्री कृष्ण के जीवन चरित्र का वर्णन किया और कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा गीता महोत्सव को सामाजिक उत्सव बनाया गया है, मोक्ष की एकादशी के दिन भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को अमृत ज्ञान दिया था। श्रीमद् भागवत गीता चार वेदों का सार है, युवा पीढ़ी गीता का अध्ययन करें, कर्मवीर बने और राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग दे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान ने कहा कि आज की पीढ़ी को सनातन संस्कृति से जोड़ना जरूरी है, भाग दौड़ भरी व्यस्त जीवन शैली में धार्मिक गतिविधियों के साथ संस्कृत भाषा का ज्ञान होना आवश्यक है। भागवत गीता का ज्ञान मनुष्य को कर्मयोगी बनने की प्रेरणा देता है।



महापौर श्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता जीवन जीने का मार्ग है और कठिनाई में पथ प्रदर्शन करती है। कर्म, धर्म, ज्ञान, भक्ति योग भीष्म पर्व का भाग है। कर्म करो, फल की इच्छा मत रखो, यही गीता सार है। जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में गीता महोत्सव का कार्यक्रम विरासत और विकास को साथ लेकर चलने का कार्यक्रम है। गीता में कर्म योग और ध्यान योग प्रेरणा स्त्रोत होकर सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग है। कार्यक्रम के दौरान इस्कॉन संस्था के श्री राजमणि प्रभु ने आगंतुक अतिथियों को श्रीमद् भागवत गीता की पुस्तिका स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान की।

# सम्पादकीय

## हवा में कैद सांसें, प्रदूषण महामारी से ज्यादा हानिकारक

पर्यावरण प्रदूषण का चौतरफा प्रहार आज मानव सभ्यता के अस्तित्व को चुनौती दे रहा है। प्रकृति के सुगठित संतुलन में जब अपशिष्ट तत्व अनियंत्रित रूप से मिलते हैं, तब वातावरण प्रदूषित होकर जीवन के लिए विष बन जाता है। प्रदूषण के कई आयाम हैं वायु, जल, भूमि, ध्वनि किन्तु वायु प्रदूषण इन सभी में सर्वाधिक घातक और संहारक सिद्ध हुआ है। यह मानव जीवन की सबसे मूलभूत आवश्यकता ÷साँस÷ को ही संकटग्रस्त कर रहा है। आकाश में तैरते सूक्ष्म प्रदूषण-कण, उद्योगों से निकलती जहरीली गैसें, वाहनों की धुएँ की लकीरें और मशीनों की निरंतर तपन इन सबने मिलकर हवा को एक अदृश्य हथियार बना दिया है, जो हर क्षण हमारे फेफड़ों को चीरने का काम कर रहा है। अब स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि स्वच्छ हवा में सांस लेना भी एक दुर्लभ सौभाग्य लगने लगा है।वायु प्रदूषण केवल आँकड़ों का विषय नहीं, बल्कि अस्तित्व का संकट है। विश्व-स्तर पर हुए वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि भारत में प्रदूषित वायु के कारण जीवन प्रत्याशा सामान्यतः 10 से 15 वर्ष तक घट सकती है। हमारा देश विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित देशों में गिना जा रहा है, जहाँ लगभग 40त्न जनसंख्या विषाक्त वायु की गिरफ्त में है। महानगर तो जैसे धुएँ की क़ैद बन चुके हैं–दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, रायपुर, इंदौर और अनेक औद्योगिक नगर प्रदूषण के शिखर पर हैं, जहाँ बचपन, बुढ़ापा और रोगग्रस्त शरीर मृत्यु के सबसे बड़े जोखिम पर खड़े हैं। अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियाँ रोज़गार, शिक्षा और सामान्य पारिवारिक जीवन की गति को बाधित कर रही हैं। स्मॉग की मोटी चादर अब सुबह की ओस या शाम की धूप से अधिक दिखाई देने लगी है। सूर्य भी धुएँ की कोहरे में अपनी किरणों को खो बैठा है। कोविड-19 महामारी के दौरान स्थिति और भी भयावह रूप में सामने आई। फेफड़ों की शक्ति कमज़ोर कर चुकी प्रदूषित हवा ने वायरस के प्रहार को और घातक बना दिया। जिन लोगों के फेफड़े प्रदूषण से पहले ही क्षतिग्रस्त थे, वे महामारी की चपेट में अधिक संख्या में जाने लगे। यह तथ्य एक भयानक चेतावनी की तरह है–भविष्य में किसी भी महामारी का सबसे बड़ा सहयोगी प्रदूषित हवा बन सकती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत की हवा में प्रदूषक सूक्ष्म कणों ( की उपस्थिति स्वस्थ मानक से लगभग सात गुना अधिक पाई गई है। यह स्थिति मानव सभ्यता के लिए अलार्म बेल है क्योंकि यह प्रदूषण समान रूप से सबको अपने वश में लेता है; चाहे अमीर हो या गरीब, शहरी हो या ग्रामीण, वृद्ध हो या नवजात। विषैली हवा सीमाओं और वर्गों के बीच कोई भेदभाव नहीं करती वह सीधा फेफड़ों पर हमला करती है।

प्रदूषण का विस्तार केवल वैज्ञानिक तथ्य नहीं, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक त्रासदी है, क्योंकि मनुष्य का प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रहना चिरकालीन सत्य है। प्रकृति हमारी माता है, और हमने उसके असीम संसाधनों का उपयोग करते समय उसकी मर्यादा को भुला दिया है। जंगल कटे, नदियाँ दम तोड़ने लगीं, नदियों की शुद्धाँश रेत बन कर बिकने लगी और हवा में जीवन की सुगंध स्थानांतरित होकर धुएँ की कड़वाहट में बदल गई। आज आकाश में तारे नहीं, धूल-कण चमकते हैं; हवा में फूलों की महक नहीं, रसायनों की चुभन है। यह सिर्फ पर्यावरण का दुरुपयोग नहीं, बल्कि मानव संवेदनाओं की हत्या है।औद्योगिक विस्तार, वाहनों की अनियंत्रित वृद्धि, कोयला, पेट्रोल-डीज़ल का अत्यधिक दहन, एयर-कंडिशनिंग, शहरी निर्माणों की असीम दौड़, खेतों में पराली का जलना, उर्वरकों-कीटनाशकों का भयानक प्रयोगये सभी कारण मिलकर प्रदूषण की विस्फोटक स्थिति को जन्म दे रहे हैं। समाधान के नाम पर कानून हैं, पर क्रियान्वयन अधूरा। योजनाएँ हैं, पर ज़मीन पर प्रतिबद्धता नहीं। विकास की अंधी दौड़ में हम यह भूल गए कि बिना स्वच्छ हवा के कोई भविष्य संभव नहीं।

आज सबसे बड़ी आवश्यकता है वृक्षारोपण का राष्ट्रीय आंदोलन। जितने उद्योग हम खड़े करते हैं, उससे अनेक गुना अधिक संख्या में वृक्ष लगाना ही हमारा कर्तव्य होना चाहिए। जंगलों और हरियाली का संरक्षण देश की जीवनरेखा है। पेड़ केवल हरियाली नहीं, जीवन का कलेवर हैं–वे हवा को शुद्ध करते हैं, धरती के ताप को नियंत्रित रखते हैं, वर्षा चक्र को संतुलित करते हैं और जीवन में ऑक्सीजन का आशीर्वाद देते हैं। यदि हम वृक्षों को खो देंगे, तो तकनीक की कोई भी उन्नति हमें जीवन नहीं दे सकती। साथ ही, प्रदूषण नियंत्रण के लिए उद्योगों और वाहनों पर कठोर नियम लागू करने, वैकल्पिक ऊर्जा (सौर, पवन, जल) को व्यापक स्तर पर अपनाने, सार्वजनिक परिवहन को सशक्त बनाने, और दहन के सभी अनियंत्रित स्रोतों पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता है।

वायु प्रदूषण का सबसे घातक प्रभाव नौनिहालों और बुजुर्गों पर पड़ता है। बच्चे जब दुनिया में आते हैं, तो उनके पहले उपहार के रूप में प्रदूषित हवा फेफड़ों को कमजोर कर देती है, और बुज़ुर्ग जीवन की अंतिम साँसें भी कठिनाई से लेते हैं।

## बायजूज़ का सबक: तकनीक नहीं, भरोसा ही शिक्षा का असली आधार है

भारत के सबसे चमकते एडटेक सितारे की दास्तान अब अपनी अंतिम साँसें गिन रही है। बायजूज़ जिसकी वैल्यूएशन कभी 22 अरब डॉलर की चकाचौंध में दमकती थी आज दिवालिया प्रक्रियाओं के हवाले हो चुका है। नवंबर 2025 तक कंपनी पर कई हजार करोड़ रुपये का नुकसान और देनदारी का बोझ लद चुका है, कई हजार कर्मचारी बेरोज़गारी की खाई में धकेल दिए गए हैं। मीडिया रिपोर्टों और उपभोक्ता शिकायतों के अनुसार, लाखों अभिभावकों की मेहनत की कमाई अनिश्चितता के जाल में फँसी हुई है। यह केवल एक स्टार्टअप का ढहना नहीं; यह पूरे एडटेक उद्योग के भीतर गूँजती चेतावनी है अति-आत्मविश्वास की अंधी दौड़, आक्रामक बिक्री की खतरनाक संस्कृति और कॉर्पोरेट गवर्नेंस की असहनीय लापरवाही, जो अंततः एक सामूहिक विफलता का महाभारत रच बैठी।

सब कुछ 2015 में एक बेहद सरल-सा विचार बनकर उभरा था। बायजू रविंद्रन ने बच्चों को वीडियो लेक्चर के माध्यम से पढ़ाने का बीज बोया, और कोविड-19 के अंधकारमय दिनों में यह बीज देखते ही देखते एक वृक्ष की तरह फैल गया। 2020ङ्क21 में जब स्कूलों के गेट बंद थे, अभिभावक अपनी संतानों की पढ़ाई बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार थे। ठीक इसी नाजुक घड़ी में बायजूज़ ने सबसे आक्रामक और नैतिकता-तोड़ सेल्स रणनीतियाँ अपनाईं टेलीमार्केटिंग कॉलों में दबाव का पहाड़, अभी नहीं लिया तो बच्चे का साल डूब जाएगा जैसे डरावने वाक्यों की बौछार, और कई परिवारों के लिए तो बिना स्पष्ट जानकारी दिए शुरू कर दी गई ईएमआई जैसी अदृश्य जंजीरें। सर्वे दर्शाते हैं कि 2021ङ्क22 में कंपनी ने कोर रेवेन्यू 3,550 करोड़ और कंसोलिडेटेड ऑपरेटिंग रेवेन्यू 5,000 करोड़ के आँकड़े पेश किए पर इन चमकदार संख्याओं के पीछे छिपा सच कहीं अधिक काला था। इस राजस्व का बड़ा हिस्सा उन लोन से उपजा था, जो बाद में लगभग पूरी तरह अशोधित साबित हुए ऐसे लोन, जिन्होंने हज़ारों परिवारों को आर्थिक अस्थिरता, टूटते भरोसे और गहरे भावनात्मक तनाव की अँधेरी खाई में धकेल दिया।

वैल्यूएशन की चकाचौंध भरी दौड़ में बायजूज़ ने 2021- 22 में एक के बाद एक दर्जन से अधिक कंपनियाँ निगल लीं व्हाइटहैट जूनियर हो, टॉपर, ग्रेट लर्निंग आदि हर अधिग्रहण कई गुना तक की अविश्वसनीय वैल्यूएशन पर। प्रॉसस, चान-ज़ुकरबर्ग इनिशिएटिव और ब्लैकरॉक जैसे दिग्गज निवेशक मानो आँख बंद करके धन उलीचते रहे, जबकि अंदर ही अंदर कंपनी दीमक की तरह खोखली होती जा रही थी। 2021ङ्क22 के ऑडिटेड वित्तीय दस्तावेज़ पूरे 22 महीने की देरी से सामने आए और जैसे ही आए, निवेशकों के पैरों तले ज़मीन खिसक गई। पता चला कि राजस्व का विशाल हिस्सा अक्रुअल बेसिस पर दिखाया गया था यानी जो पैसा कभी आया ही नहीं, उसे भी कमाई मानकर बैलेंस शीट चमकाई गई। 2023-24 में जब प्रॉसस ने क्रमिक रूप से वैल्यूएशन को शून्य घोषित किया, तभी यह बुलबुला जोरदार धमाके के साथ फूट पड़ा।

लेकिन इस पतन की सबसे मार्मिक कीमत कर्मचारियों और शिक्षकों ने चुकाई। 2022 से अब तक पाँच बार बड़े पैमाने पर छँटनी हुई, सैकड़ों नहीं हज़ारों लोग एक झटके में सड़क पर आ गए। बहुतों को तीन-तीन महीने तक वेतन तक नहीं मिला। जिन शिक्षकों ने वर्षों तक अपनी ऊर्जा, अपनी पहचान इस संस्था में समर्पित की, उन्हें एक सूचना भर में बेरोजगार कर दिया गया। अभिभावकों की त्रासदी इससे भी भयावह है। लाखों परिवारों ने 1ङ्क2 लाख रुपये तक खर्च कर कोर्स खरीदे पर अब अधिकांश के लिए प्लेटफ़ॉर्म तक पहुँचना भी संभव नहीं। कई बच्चों ने तो कोर्स शुरू भी नहीं किया, फिर भी बैंक लगातार ईएमआई काट रहा है। उपभोक्ता मंचों पर शिकायतें हजारों नहीं, बल्कि लाखों में दर्ज हैं हर शिकायत एक टूटे हुए भरोसे की, एक ठगे गए सपने की और एक असहाय परिवार की गवाही बनकर खड़ी है।

इस पूरे संकट की मूल में तीन बड़े कारण हैं। पहला ङ्क कॉर्पोरेट गवर्नेंस का पूर्ण अभाव। प्रमोटर दंपति, बायजू और दिव्या गोकुलदास, कंपनी को मानो अपनी निजी चेकबुक और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं का विस्तार मानकर चलाते रहे। दूसरा निवेशकों का अनियंत्रित लालच, जिसने उचित जाँच-पड़ताल को हाशिये पर धकेल दिया। और तीसरा नियामक तंत्र की चुप्पी, जिसकी कीमत आज लाखों परिवार चुका रहे हैं। न सेबी ने समय रहते आवाज उठाई, न आरबीआई ने लोन स्ट्रक्चर पर रोक लगाई, और न शिक्षा मंत्रालय ने उस क्षेत्र में दखल दिया जो सीधे बच्चों की ज़िंदगी को प्रभावित करता था।

इस त्रासदी से कुछ कड़े सबक सीखने होंगे। पहला, एडटेक कंपनियों के लिए एक स्वतंत्र और मजबूत नियामक ढाँचा तुरंत विकसित होना चाहिए, जिसमें रिफंड नीतियों से लेकर सेल्स रणनीतियों और विज्ञापनों तक हर चीज़ पर कठोर नियम लागू हों। दूसरा स्कूल शिक्षा को एक 'उत्पाद' की तरह बेचने की सोच बदलनी होगी; शिक्षा सेवा है, सौदा नहीं। तीसरा निवेशकों को यह समझना होगा कि 200 गुना वैल्यूएशन पर पैसा फेंकना इनोवेशन नहीं, मूर्खता है; निवेश से पहले बुनियादी सवाल पूछना ही बुद्धिमानी है। चौथा अभिभावकों को यह भी स्वीकारना होगा कि किसी भी चमकदार ऐप से अधिक कद बच्चे की मेहनत और शिक्षक के समर्पण का होता है। बायजूज़ का पतन भारतीय स्टार्टअप परिदृश्य के लिए एक तीखा स्मरण है~ ऊँचाई पर पहुँचना आसान है, पर बिना मजबूत नींव के टिक पाना असंभव। यह उम्मीद की जानी चाहिए कि एनसीएलटी प्रक्रिया (नेशनल कम्पनी लॉ ट्राइब्यूनल) कम से कम अभिभावकों और कर्मचारियों के लिए कुछ राहत लेकर आएगी। लेकिन इस कहानी का असली महत्व उस सीख में है, जिसे अगले दशक तक देश को याद रखना होगा कि चमकदार विज्ञापन, गगनचुंबी वैल्यूएशन और आक्रामक वादों के पीछे छिपी सच्चाई को परखना हर निवेशक, हर अभिभावक और हर नियामक का नैतिक कर्तव्य है। बायजूज़ का अध्याय शायद समाप्त हो जाए, पर उसकी गलतियों से उपजा अनुभव भारतीय एडटेक के लिए एक नए, अधिक ज़िम्मेदार और अधिक मानवीय भविष्य की नींव बन सकता है।

**-प्रो. आरके जैन**

## तकनीक के पैमाने पर महिला शिक्षा

महिलाओं की शिक्षा परिवार से लेकर राष्ट तक के विकास में अहम भूमिका निभाती है। हालांकि शिक्षा के पैमाने पर महिलाओं की स्थिति में उत्तरोत्तर प्रगति हुई लेकिन आज के बदलते शैक्षिक एवं तकनीकी परिदृश्य के मद्देनजर महिला शिक्षा में व्यापक विकास एवं उन्नयन की महती आवश्यकता है। यहां पर हाल ही की एक रपट का उल्लेख करना जरूरी होगा, जिसमें यह निष्कर्ष निकाला गया है कि पूरे विश्व में लगभग 1.5 करोड़ लड़कियों को प्राथमिक शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है। यह रपट महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए काम करने वाली संस्था संयुक्त राष्ट महिला की ओर से जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि हाल के दशकों प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में लैंगिक समानता को लेकर काफी कुछ सुधार देखने को मिले हैं, मगर बहुत सारे ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें लैंगिक असमानता अभी भी गहरी पैठ बनाए हुए है। अगर विद्यालयों में नामांकन की बात की जाए तो प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा के स्तर पर महिलाओं की स्थिति में काफी हद तक केतक सुधार हुआ है। वहीं एक कड़वा सच यह भी है कि नामांकन कराने के बाद शिक्षा को बीच में ही छोड़ देने वालों में भी महिलाओं की संख्या पुरुषों की अपेक्षा कई गुना अधिक है। कई स्थानों पर तो 48.1 फीसद लड़कियां स्कूल जाने से वंचित हैं। डिजिटल क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तनों की वजह से आज शैक्षिक परिदृश्य भी हर स्तर पर परिवर्तित हो चुका है। लिहाजा, अब केवल शिक्षित होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि तकनीकी रूप से दक्ष होकर एवं कौशल विकास के पैमाने पर लगातार प्रगति करके ही खुद को इस बदलते परिदृश्य के साथ जोड़े रखा जा सकता है। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी तकनीक के नवीनतम उत्पाद दिन-प्रतिदिन उत्कृष्ट रूप ग्रहण करते जा रहे हैं। विशेष बात यह है कि शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभाव एक हद तक परिलक्षित होने लगा है। है। हाल एक रपट के मुताबिक, वर्ष 2018 2023 के बीच डेटा एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 26 फीसद रही है। संयुक्त राष्ट की महिला केंद्रित इकाई की रपट में बताया गया है कि महिलाओं को प्राथमिक शिक्षा उचित रूप से उपलब्ध नहीं होने के पीछे एक बड़ा कारण सामाजिक व्यवस्थाएं भी हैं। गौरतलब है कि हमारे सामाजिक परिदृश्य में लैंगिक असमानता एवं भेदभाव से परिपूर्ण सोच आज भी गहरे तक समाई हुई है। इसी सोच का दुष्परिणाम है कि लड़कियों के लिए शिक्षा तक पहुंच पाना एक बड़ी चुनौती है। बड़ी संख्या में लड़कियां शिक्षा के लिए विद्यालयों में नामांकन तो कर लेती हैं, मगर बीच में ही उन्हें मजबूरन पढ़ाई छोड़नी पड़ती है। इसके प्रमुख कारणों में अल्प आयु में ही विवाह हो जाना और घरेलू कार्यों की आवश्यकता से अधिक जिम्मेदारी लाद दिया जाना भी शामिल है। पंद्रह वर्ष से कम आयु वाले बच्चों में 2.7 फीसद लड़कों की तुलना में 3.2 फीसद लड़कियां स्कूल नहीं जाती हैं।

**-डॉ. सुधाकर आशावादी**

## साक्षरता का नवपरिचय: कैसे बदलें, ना कि कैसे चलाएँ

जिस युग में सूरज से पहले स्क्रीनें जगती हैं और रात की नींद से देर तक डेटा बहता है, उस युग में कंप्यूटर साक्षरता सिर्फ़ एक कौशल नहीं मानव चेतना का नवजागरण है। विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस यह अहसास जगाता है कि आज के समय में सबसे गहरा अंधकार तकनीक से दूरी है, और सबसे उजली रोशनी उस समझ में छिपी है जो हमें डिजिटल संसार को साधने की क्षमता देती है। यह दिवस उस मौन परिवर्तन का प्रतीक है जिसने हमारे सफ़र को कागज़ की सुस्त सीमाओं से उठाकर पिक्सल की धड़कती हुई दुनिया तक पहुँचा दिया जहाँ विचार सीमित नहीं रहते, संभावनाएँ दिशाओं में नहीं बँटतीं, और मानव मन अपने ही नए संस्करण से मिल पाता है।

कंप्यूटर साक्षरता का असली अर्थ माउस पकड़ना, फॉर्म भरना या सोशल मीडिया चलाना भर नहीं है। यह एक ऐसी पारदर्शी खिड़की है जो जो सीमाओं को मिटाकर व्यक्ति को दुनिया के हर कोने, हर भाषा, हर विचार, हर संस्कृति और हर मौके से जोड़ देती है। यह वह साधन है जो साधारण परिश्रम को असाधारण उपलब्धि में बदल देता है, और सपनों को रास्ते नहीं दिशाएँ देता है। जब कोई किसान मौसम का हाल और बाज़ार की कीमतें ऑनलाइन जान लेता है, जब एक छात्र गाँव में बैठकर दुनिया की श्रेष्ठ यूनिवर्सिटियों से पढ़ लेता है, जब एक महिला घर पर रहकर डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म से कारोबार शुरू कर देती है तभी स्पष्ट होता है कि कंप्यूटर साक्षरता कोई सुविधा नहीं, एक परिवर्तनकारी शक्ति है जो ज़िंदगी की संभावनाओं को पुनर्परिभाषित कर देती है।

पर इस शक्ति की दहलीज़ तक पहुँचना सबके लिए सरल नहीं। अभी भी अनगिनत लोग इस विशाल डिजिटल समुद्र के किनारे खड़े हैं क्षितिज की चमक देखते हुए भी भीतर उतरने का साहस या साधन न रख पाने वाले। शिक्षा की कमी, संसाधनों की कमी, मार्गदर्शन की कमी और अक्सर आत्मविश्वास की कमी ये बाधाएँ उतनी ही वास्तविक हैं जितनी डिजिटल दुनिया की रोशनी। विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस का वास्तविक उद्देश्य इन्हीं दूरीओं को मिटाना है उस फासले को पाटना जो तकनीक को कुछ लोगों की सुविधा से उठाकर सभी के अधिकार में बदल देता है। यह दिन याद दिलाता है कि तकनीक का अर्थ तभी पूर्ण होता है जब उसका प्रकाश हर आँगन, हर मन और हर जीवन को उजाला दे सके।

कंप्यूटर साक्षरता इंसान को केवल सक्षम नहीं करती वह उसे मुक्त करती है। अपनी दिशा स्वयं चुनने की स्वतंत्रता, अपने विचारों को दुनिया तक पहुँचाने की ताक़त, और वैश्विक संवाद में बराबरी से खड़े होने का साहस ये सब उसी ज्ञान से जन्म लेते हैं। इंटरनेट मनोरंजन का साधन भर नहीं; यही रोज़गार का औज़ार है, यही शिक्षा का पुल, यही व्यापार का बाजार, यही शासन की नई आवाज़, और आज कई मायनों में यही हमारी पहचान का विस्तार भी है। एक क्लिक फाइलों को सीमाओं के पार पहुँचा देता है, एक अपलोड भविष्य की दिशा बदल देता है, एक ईमेल महाद्वीपों को जोड़ देता है। कंप्यूटर ने दुनिया को छोटा नहीं किया इसने हर व्यक्ति की क्षमताओं को विशाल कर दिया है।

परंतु इस डिजिटल स्वतंत्रता का दूसरा नाम ज़िम्मेदारी है। केवल जानकारी होना पर्याप्त नहीं; बुद्धिमानी से उसका उपयोग करना ही वास्तविक साक्षरता है। साइबर सुरक्षा, डिजिटल नैतिकता, गोपनीयता की रक्षा, डेटा का संरक्षण ये सब आधुनिक समय के वे नए संस्कार हैं जिनके बिना तकनीक अधूरी और जोखिमपूर्ण है। जिस राह पर अवसर खुले हैं, उसी राह पर खतरे भी छिपे हैं; इसलिए साक्षरता का अर्थ अब केवल 'कैसे चलाना है' नहीं, बल्कि 'कैसे सुरक्षित रहना है' भी है ताकि सुविधा शक्ति बने और जोखिम दूर ही रहे।


आज की दुनिया कोड से चलती है, व्यापार डिजिटल लेनदेन पर साँस लेता है, शिक्षा ई-क्लासरूम में अपना नया रूप पाती है, स्वास्थ्य मोबाइल पर सलाह देता है, और रिश्तों की गर्माहट भी वीडियो कॉल में चमक जाती है। यह डिजिटल स्पर्श अब विकल्प नहीं हर उम्र, हर पेशे, हर परिस्थिति की मूलभूत आवश्यकता बन चुका है। इसीलिए कंप्यूटर साक्षरता आधुनिकता का चिह्न नहीं यह जीवन की नई भाषा है। जो इस भाषा को सीख लेता है, वह भविष्य के द्वार आसानी से खोल लेता है; और जो पीछे रह जाता है, उसके लिए दुनिया धीरे-धीरे एक दूर होती हुई रोशनी बन जाती है। भविष्य की ओर बढ़ते समाज का केवल एक ही सच्चा मार्ग है डिजिटल ज्ञान को जन-जन का अधिकार बनाना। बच्चों के लिए यह जिज्ञासा के द्वार खोलने वाला जादू है; युवाओं के लिए कौशल का पासपोर्ट; बुज़ुर्गों के लिए आत्मविश्वास का सहारा; महिलाओं के लिए संभावनाओं का स्वतंत्र आकाश; और किसानों के लिए जानकारी का वह दीपक जो खेतों से लेकर बाज़ार तक हर निर्णय को रोशन करता है। तकनीकी साक्षरता किसी विशेष वर्ग की सुविधा नहीं यह हर नागरिक का अधिकार है और हर राष्ट की अनिवार्य नींव।

इस दिन का संदेश स्पष्ट है भविष्य की तकनीक कुछ चुने हुए हाथों में नहीं, हर हाथ में होना चाहिए। डिजिटल दुनिया किसी को पीछे छोड़ने के लिए नहीं बनी; उसका निर्माण इसलिए हुआ है कि कदम ताल में पूरे समाज को आगे बढ़ाया जा सके। यही कारण है कि यह दिन उत्सव से कहीं अधिक है यह एक प्रतिज्ञा है। प्रतिज्ञा कि ज्ञान को दीवारों के भीतर कैद नहीं रहने देंगे, तकनीक को विशेष कमरे और विशेष लोगों की सीमा तक सीमित नहीं रहने देंगे, और डिजिटल स्वावलंबन को किसी भी रूप में विशेषाधिकार नहीं बनने देंगे।

कंप्यूटर साक्षरता वह प्रकाश है जो आँखों की नहीं विचारों की दुनिया को उजाला देता है। यह वह शक्ति है जो व्यक्ति के भीतर दबे सामर्थ्य को जगाकर उसे समाज के भविष्य का निर्माता बना देती है। आज का दिन समझाने नहीं आया है यह विश्वास जगाने आया है कि डिजिटल दुनिया में किसी का हाथ थामकर उसे पहली बार कंप्यूटर से परिचित कराना केवल शिक्षा नहीं, किसी जीवन का मार्ग बदल देना है। यही एक परिवर्तन नहीं, वही परिवर्तन है जिससे समाज बराबरी की ओर, अवसर की ओर और मानव क्षमता के नए स्वर्णिम अध्याय की ओर बढ़ता है।

**-धनंजय राजौरा**

## शुद्ध अंतःकरण से ही आनंद का अवरोहण संभव है



शुद्धि के बिना सिद्धि संभव नहीं है। और, शुद्धि पाने का सहजतम मार्ग है सहज योग। सहज योग के अनुसार श्री गणेश का स्थान हमारे मूलाधार चक्र पर है। श्री गणेश सदैव बाल रुप में हैं और अबोधिता के गुण को मानव मात्र में स्थापित करते हैं। श्री गणेश के आशीर्वाद के बगैर हमारे अंदर शुद्धता व अबोधिता नहीं आ सकती क्योंकि जब यह गुण हमारे अंदर स्थापित होता है तभी सेक्रम बोन में तीन कुंडल में सुप्तावस्था में विराजमान कुंडलिनी मां जागृत होती है और उधर्वगति की ओर चलायमान होती है और मनुष्य के अंदर अबोधिता, पवित्रता और बुद्धिमता के गुण स्थापित होते हैं।

हमारे दैनिक जीवन में पवित्रता का विशेष महत्व है। साधना की पहली सीढ़ी ही पवित्रता है। जीवन में जितनी पवित्रता होती है, जीवन का उत्कर्ष भी उतना ही होता है। शुद्धि से तात्पर्य मात्र शरीर का नहीं है, बल्कि मन, प्राण और भाव-विचार के साथ-साथ हमारा अंतःकरण भी निर्मल होना चाहिए। शुद्धता के गुण आते ही व्यक्ति धीरे-धीरे अज्ञान व अंधकार के आवरण को पार कर प्रकाशित स्थिति प्राप्त करता है। इस शुद्धि के फलस्वरूप मन की शांति, चित्त की स्थिरता और प्राण की एकाग्रता व हृदय की तन्मयता का प्रादुर्भाव स्वभावत~ होने लगता है। आनंद का अवरोहण भी तभी संभव होता है। शुद्धि से आत्मा विभिन्न वासनाओं और आकर्षणों से मुक्त होती है। और...सिद्धि प्राप्ति से पहले की प्रारंभिक अवस्था शुद्धि ही है। शुद्ध भावों वाला व्यक्ति ही परमात्मा को भी प्रिय होता है। उसके पूजन-अर्चन व प्रार्थना में शुचिता यानी पवित्रता का विशेष महत्व है। आचार-विचार के साथ-साथ जीवन के अन्य क्षेत्रों जैसे व्यापार में पैसे के लेन-देन और नौकरी आदि में ईमानदारी व कर्त्तव्य के प्रति निष्ठावान बने रहना भी पवित्रता की ही श्रेणी में आते हैं। व्यक्ति चाहे किसी भी क्षेत्र में कार्यरत हो, वह वहां रहते हुए ही पवित्रता का ध्यान रखने योग्य बन जाता है। पवित्रता को नित्य-प्रतिदिन की दिनचर्या में रखकर हम अपना बैद्धिक स्तर तो उत्तम बना ही सकते हैं, साथ ही, स्वयं सुखी रहते हुए अन्य लोगों को भी इस राह पर अग्रसर कर सकते हैं। पवित्रता जीवन का मूल आधार है। आज समाज में जो नैतिक पतन हो रहा है उसका एक खास कारण शुचिता की ओर ध्यान नहीं दिया जाना है। व्यक्ति जैसे ही पवित्रता की तरफ एक कदम बढ़ाता है, उसकी सोच में निखार आता है, उसकी भौतिक प्रगति के साथ-साथ आध्यात्मिक उन्नति भी होती है। अन्य लोग भी ऐसे व्यक्ति के प्रति श्रद्धा व आस्था का भाव रखने लगते हैं। जो भी महापुरुष या ऋषि-मुनि इस देश में हुए हैं, उन्होंने साधना के संदर्भ में पवित्रता को विशेष महत्व दिया है। वे ही हमारे प्राचीन व आधुनिक भारत के प्रेरणास्त्रोत बने। सच तो यह है कि पवित्रता का ध्यान रखे बगैर मानव जीवन का कल्याण संभव ही नहीं है।

## संसद को बाधित करना राष्ट्र को बाधित करना है

भारत की संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से आरंभ हो रहा है और इसके प्रारंभ होने से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने आने वाले दिनों में संसद की कार्रवाई के हंगामेदार होने का संकेत देने में देर नहीं लगाई। विपक्ष ने स्पष्ट कर दिया है कि वह एस.आई.आर. सहित कई मुद्दों पर जोरदार ढंग से सदन में अपनी आवाज उठाएगा। विपक्ष संसद में सवाल उठाए, आवाज उठाए, यह उसका संवैधानिक अधिकार और कर्तव्य है, लेकिन मुद्दा यह है कि क्या यह अधिकार सार्थक बहस के रूप में सामने आएगा या एक बार फिर हंगामे की भेंट चढ़कर भारत के लोकतंत्र को शर्मसार करेगा। मॉनसून सेशन अगर ऑपरेशन सिंदूर के नाम था, तो इस बार बहस के केंद्र में एस.आई.आर. है। लेकिन, सरकार और विपक्ष-दोनों से ही सदन के भीतर ज्यादा समझदारी, संयम, शालीनता और सहयोग की अपेक्षा है, ताकि सत्र में अधिक काम हो सके। शीतकालीन क19 दिसंबर तक चलना है। इसमें कुल 15 दिन कार्यवाही चलेगी और इस दौरान शिक्षा, सड़क और कॉरपोरेट लॉ संबंधी कई अहम बिल पेश किए जाएंगे। इसी सत्र में हेल्थ सिक्यॉरिटी एंड नैशनल सिक्यॉरिटी सेस बिल, 2025 भी रखा जा सकता है, जिसका मकसद देश के हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा तैयारियों के लिए एक नया उपकर लगाना है। सारे ही बिल-प्रस्ताव महत्वपूर्ण हैं और इन पर सार्थक बहस की जरूरत है।

निश्चित दौर पर पिछले अनेक वर्षो से संसद की कार्रवाई हंगामे, शोर-शराबे, नारेबाजी की भेंट चढ़ती रही है। पिछला सत्र इस संदर्भ में बेहद निराशाजनक रहा। वेल में आकर नारेबाजी, कुर्सियां ठोकने, प्लेकार्ड दिखाने और लगातार स्थगन जैसे दृश्य दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण तस्वीर पेश करते रहे। वह सत्र देश के संसदीय इतिहास के सबसे कमजोर प्रदर्शन वाले सत्रों में गिना गया, जब लोकसभा की प्रॉडक्टिविटी महज 31 प्रतिशत के आसपास और राज्यसभा की लगभग 39 प्रतिशत रही। हंगामे और शोर-शराबे की वजह से दोनों सदनों में कई महत्वपूर्ण घंटे बर्बाद हो गए थे। सवाल यह है कि आखिर यह परंपरा कब बदलेगी? कब हमारे जनप्रतिनिधि समझेंगे कि संसद का एक-एक मिनट देश के करोड़ों लोगों की गाढ़ी कमाई से चलता है? एक मिनट का व्यर्थ खर्च लोकतंत्र की आत्मा को चोट पहुंचाता है। संसद केवल बहस का मंच नहीं बल्कि देश की नीतियों, कानूनों और विकास-दिशा को तय करने वाला सर्वोच्च स्थल है। लोकतंत्र की सफलता का मूलमंत्र जनता द्वारा चुनकर भेजे गए प्रतिनिधियों की सजगता, जवाबदेही और गरिमा है। इसलिए संसद का हर क्षण अर्थपूर्ण, कार्यकारी होना चाहिए, हर चर्चा राष्ट्रीय हित को आगे बढ़ाने वाली होनी चाहिए और हर बहस शालीनता तथा परिपक्वता की कसौटी पर खरी उतरनी चाहिए।

सत्र को सुचारुरूप से चलाने के लिये सरकार की ओर से सर्वदलीय बैठक आयोजित करना एक स्वस्थ एवं सौहार्दपूर्ण परम्परा एवं एक आशा की किरण है। इस बार भी सत्र शुरू होने से पहले 36 दलों का एक साथ बैठक करना एक अच्छी शुरुआत है। यह बैठक केवल औपचारिकता नहीं बल्कि संवाद और सहयोग की दिशा में एक सार्थक पहल है। देश यह उम्मीद कर सकता है कि यदि सदन का संचालन भी इसी सकारात्मक भावभूमि पर हुआ तो यह सत्र एक आदर्श परंपरा स्थापित कर सकता है। लोकतंत्र में मतभेद होना स्वाभाविक है, परंतु मनभेद अनिवार्य नहीं। संसद उन मनभेदों को संवाद में बदलने का पवित्र स्थान है। निश्चित ही विपक्ष की भी अपनी मांगें हैं, जिसे सर्वदलीय बैठक में रखा गया। विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, एसआईआर, वायु प्रदूषण और विदेश नीति पर विस्तृत चर्चा चाहता है। अच्छी बात है कि विपक्षी दलों ने इस बारे में पहले ही अवगत करा दिया है और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के ही मुताबिक, किसी ने भी यह नहीं कहा कि संसद नहीं चलने दी जाएगी। सरकार और विपक्ष, दोनों का इस पर सहमत होना कि सदन चलना चाहिए, स्वागत योग्य है।

इस सत्र से सरकार 14 महत्त्वपूर्ण विधेयक पेश करने जा रही है। इन विधेयकों को पारित करवाना मात्र सरकार की जिम्मेदारी नहीं है; यह विपक्ष की भी उतनी ही बड़ी भूमिका है कि वह रचनात्मक सुझाव दे, आवश्यक संशोधन का आग्रह करे और राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए संवाद के माध्यम से कानूनों को दिशा दे। लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दोनों दो पहिये हैं, एक पहिया चिटक जाए तो रथ आगे नहीं बढ़ता।

आज आवश्यकता इस बात की है कि संसद में एक नई लकीर खींची जाए-शालीनता की, संवैधानिक मर्यादाओं की, तर्कसंगत बहस की और राष्ट्रीय हित की। दुनिया भर के लोकतंत्रों में बहसें गरम होती हैं, लेकिन गरिमा नहीं टूटती। भारत में भी यह संस्कृति विकसित होनी चाहिए। विपक्ष का काम सरकार को कठघरे में खड़ा करना है, लेकिन वह हंगामे से नहीं बल्कि तथ्यपूर्ण तर्कों से हो। सवाल उठाने का अधिकार तभी सार्थक है जब उसके साथ उत्तर सुनने की तैयारी भी हो। पिछले कुछ सत्रों में यह प्रवृत्ति बढ़ी है कि विपक्ष प्रश्न पूछता है लेकिन उत्तर सुनने का अवसर ही नहीं देता। यह लोकतंत्र की आत्मा का हनन है। संसद सिर्फ आवाज बुलंद करने का मंच नहीं, वह सुनने, समझने और समाधान खोजने का माध्यम है।

**-ललित गर्ग**

## कला के आयाम

जब भी हम कला और उसके कलाकार के बारे में सोचते हैं, हमारे मन में कई छवियां उभरने लगती हैं। हमें कला के विभिन्न रूप अनूठे, उत्कृष्ट और विशिष्ट लगने लगते हैं, फिर चाहे वह चित्रकारी, गीत, गायन, लेखन, नृत्य, नाटक जैसी अनगिनत विधाएं हों । कलाकार की मेहनत और उसके समर्पण भाव से जीवंत हुई हर कृति हमें चकित कर देती है । वास्तविक या सपनीली दुनिया को कैनवास पर या मंच पर उकेरता या रेखांकित करता कलाकार जब अपनी नैतिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहता है, तब वह बिना किसी हथियार और बल के अपनी संवेदनाओं की प्रभावी अभिव्यक्ति के माध्यम से समाज में सकारात्मक क्रांति लाने में सक्षम हो जाता है। वह कभी शोषितों की आवाज बनकर न्याय रंगों से पूरा कैनवास भर देता है, तो कभी सभागार कंपित जाता है उसकी ऊंची पुकार।

यह कला है या जिद है कलाकार की कि वह निस्वार्थ भाव से चाहता है दुनिया को सुंदर रंगों से भर देना, मीठी सुरीली तान में सबको एक सुर में बांधकर । देखना चाहता है सबको एक साथ हंसते-मुस्कुराते। वह लिखता है लगातार इस उम्मीद से कि किसी दिन उम्मीदों से भरे शब्द कागज के पन्नों से निकलकर उसके सामने जीवंत रूप में समाज में घुल-मिल जाएंगे। संवेदनाओं से भरा कलाकार मनुष्यता के उजले रंगों को संभाले रखने के लिए किसी सिपाही की तरह हमेशा डटा रहता है । यही कारण है कि कलाकार किसी क्षेत्र या वर्ग का नहीं होता, वह सबका होता है और सबको अपना मानता है। आम इंसान भी अपने जीवन की जटिलताओं में व्यस्त होते हुए कला में सुकून पाता है ।

कलाकार की यह संवेदनाओं से भरी दुनिया थोड़ी ज्यादा भली, स्वस्थ और सुरक्षित प्रतीत होती है। लगने

लगता है कि अगर मनुष्य अपने सामान्य जीवन में भी इतना ठहराव ला सके कि उसका हर कदम और निर्णय गहराई लिए हो, तो आम इंसान की दुनिया भी किसी अर्थपूर्ण कृति की तरह ही सुंदर और स्वस्थ नजर आने लगेगी। कलाकार और उसकी दुनिया को खिन्न कर देते हैं सांप्रदायिकता, क्रोध, भ्रष्टाचार और शोषण जैसे दुखद प्रसंग। आम इंसान और कलाकार की दुनिया की भिन्नता को खोजने की कोशिश करें, तो मालूम पड़ता है कि किसी भी सृजन के लिए बहुत अधिक समर्पण, अध्ययन और मेहनत लगती है । अपने ही बनाए पर बार-बार पुनर्विचार करना होता है, लेकिन क्या इसे भी भिन्नता माना जा सकता है ? आम जीवन के हर विचार को जो व्यक्ति गहराई से डूबकर और सबके हितों में सोचते हुए निर्णय लेता है, उसे भी तो कलाकार ही कहा जा सकता है। जो खुद के और दूसरों के जीवन में मधुर संगीत घोल दे, सही के पक्ष में हमेशा खड़ा रहे और गलत को गलत कहने का साहस रख सके, वह भी तो कलाकार ही है । हर इंसान को कला और कलाकार का संसार कभी न कभी आकर्षित जरूर करता है, लेकिन यह मत हावी होने लगता है। कि आम इंसान, जिसका जीवन मूलभूत जरूरतों को पूरा करने में गुजर रहा है, उसका विषय कला कैसे हो सकता है। हां, अगर हुनर के जरिए अपने जीवन की आवश्यक जरूरतें पूरी होने लगें, व्यवसाय के रूप में परिवर्तित किया जा सके या फिर बेहद प्रतिभाशाली होने के कारण आर्थिक स्थिति मजबूत बन जाए या फिर कोई अन्य आय का जरिया हो, तो फिर सोचा जा सकता है।

**-सुनील कुमार महला**

# 220 केवी सब स्टेशन में आयोजित हुई सुरक्षा कार्यशाला



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास विद्युत व्यवस्था की सतत विश्वसनीयता तथा कर्मचारियों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने अपनी जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी के तहत 220 केवी सबस्टेशन देवास में एक विशेष सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया। एमपी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता के एम सिंघल ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य फोकस मेंटेनेंस कार्य के दौरान परमिट जारी/निरस्त करने की प्रक्रिया तथा सुरक्षा नियमों के पालन पर केंद्रित रहा।

कार्यशाला के संयोजक कार्यपालन अभियंता निर्दोष केरकैटा ने सभी तकनीकी कर्मचारियों को सबस्टेशन यार्ड में ले जाकर वास्तविक परिस्थितियों में सुरक्षा प्रक्रियाओं को विस्तार से बताया। उन्होंने समझाया कि किसी भी मेंटेनेंस कार्य के आरंभ से पूर्व सही ढंग से सुरक्षित परमिट जारी करना, लाइन डिस्कनेक्शन, उचित अर्थिंग तथा कार्य समाप्ति पर परमिट निरस्त करने की प्रक्रियाओं का किस तरह पालन करना होता है ये सब दुर्घटनाओं को रोकने की सबसे बुनियादी एवं महत्वपूर्ण कड़ी है।

उन्होंने सब स्टेशन यार्ड मे उपकरणों के पास कार्य करते समय आवश्यक सावधानियों जैसे सेफ क्लियरेंस, इमरजेंसी प्रोटोकॉल, यार्ड में जोखिम बिंदु चिंहित करने आदि के संबंध मे भी विस्तार से प्रशिक्षण दिया। कर्मचारियों द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों के समाधान व्यावहारिक उदाहरणों द्वारा किए गए।

यार्ड में भी दिया प्रशिक्षण- इस अवसर पर एमपी ट्रांसको से जारी सेफ्टी मैन्युअल का सामूहिक अध्ययन भी कराया गया तथा सभी कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि वे दैनिक कार्यों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का कठोर पालन करें और किसी भी परिस्थिति में सुरक्षा से समझौता न करें।

# विश्व एड्स दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित, प्रधान जिला न्यायाधीश ने कन्या छात्रावास की छात्राओं से मुलाकात की

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कन्या उत्कृष्ट सीनियर छात्रावास शाजापुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल एड्स के प्रति जागरूकता बढाना था, बल्कि छात्राओं के कल्याण एवं उनके सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान केंद्रित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्री आनंद कुमार तिवारी थे। साथ ही सचिव श्रीमती नमिता बौरासी और जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शिखा शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही।

प्रधान जिला न्यायाधीश श्री आनंद कुमार तिवारी ने कहा कि एड्स पीड़ितों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हाथ मिलाने, सामान्य बातचीत या निकट संपर्क से एड्स नहीं फैलता। उन्होंने नई सुई के उपयोग और प्रयुक्त सुई के सुरक्षित निपटान की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने आमजन को जागरूक करने और शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश ने कन्या उत्कृष्ट सीनियर छात्रावास का दौरा कर छात्राओं से मुलाकात की। उन्होंने छात्राओं द्वारा न्यायोत्सव सप्ताह के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने और उनके प्रदर्शन कार्य की सराहना की। छात्राओं से उनके अध्ययन, खान-पान और छात्रावास संबंधी समस्याओं की जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि छात्राओं का सर्वांगीण विकास, सुरक्षित एवं शिक्षाप्रद वातावरण सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे पढाई और प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लें और छात्रावास की उपलब्ध सुविधाओं का सही उपयोग करें। इस अवसर पर छात्रावास प्राचार्य, अधीक्षक और अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

# ग्राम भटोनी परमार में पं. कमलकिशोर नागर की भागवत कथा 9 दिसंबर से



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** टोंकखुर्द तहसील के ग्राम भटोनी परमार में आगामी 9 से 15 दिसंबर 2025 तक श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन में मालवा माटी के प्रसिद्ध संत पं. कमलकिशोर नागर जी के श्रीमुख से भागवत ज्ञान गंगा प्रवाहित होगी। आयोजन समिति के ठा. कृष्णपाल सिंह पंवार ने बताया कि उक्त आयोजन हमारे पिता स्व. औंकार सिंह पंवार व माता स्व. गीताकुंवर पंवार की स्मृति में होने जा रहा है। इस भव्य आयोजन के लिए ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल है तथा सभी ग्रामवासी आयोजन की तैयारियों में जुटे है। तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पंवार ने बताया कि कथा प्रतिदिन 12 से प्रारंभ होगी। आयोजन समिति ठा. कृष्णपाल सिंह पंवार एवं पंवार परिवार ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# एसएसआई कार्य में लापरवाही पर 26 बीएलओ और दो पटवारियों को नोटिस

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम देवास द्वारा 26 बीएलओ और दो पटवारियों को नोटिस जारी किए गए।

पटवारी श्री मनीष शर्मा, श्री अरुण जाटव और बीएलओ श्रीमती प्रमिला भण्डारी, श्रीमती वंदना देवरे, श्रीमती रुकसाद खान, श्री जितेन्द्र मालवीय, श्रीमती रेखा योगी, श्रीमती तरुनम शेख, श्रीमती कल्पना पवार, श्रीमती ममता पंवार, श्रीमती सोनूबाला बैरागी, श्रीमती सुनिता, श्रीमती रोशनी , श्रीमती कान्ता यादव, श्रीमती लक्ष्मी मालवीय, श्रीमती नीता श्रीवास्तव, श्रीमती ज्योति सोलकी, श्रीमती बिंदुबाला शर्मा, श्रीमती कविता राजपुत, श्रीमती जाग्रती यादव, श्रीमती ज्योति मित्तल, श्रीमती सोनी देवडा, श्रीमती रीना बाघेला, श्रीमती किरण , श्रीमती लक्ष्मी, श्रीमती तारा राजोरिया, श्रीमती रिंकु शर्मा श्रीमती रेखा अम्बोदिया को नोटिस दिया है।

# देवास में जॉब पोर्टल पर रोजगार के लिए विभिन्न कम्पनियों में 1658 रिक्त पद उपलब्ध

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास देवास जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में जिले में नवाचार करते हुए देवास जॉब पोर्टल बनाया है। इस पोर्टल के माध्यम से युवाओं को निजी कंपनियों में रोजगार मिल रहा है। अभी तक लगभग 5037 युवकों द्वारा देवास जॉब पोर्टल पर पंजीयन किया जाकर अपनी योग्यता अनुसार रिज्यूम बनाये गये है। इच्छुक शिक्षित युवक देवास जॉब पोर्टल पर अपना पंजीयन करवाने हेतु क्यू कोड को स्कैन कर URL: https://checkout.yrcart.com/job_portal/पंजीयन कर सकता है। पोर्टल पर 220 कम्पनियों द्वारा रजिस्ट्रेशन किया जाकर 1658 रोजगार की रिक्तियां उपलब्ध कराई गई है। जिसमें सुरक्षा गार्ड 1150, प्रोक्डशन सुपरवाईजर 150, सनफार्मा में प्रशिक्षणार्थी 120, एमआरएफ में मशीन आपरेटर 100, डिलेवरी एक्जूकेटिव 20, डिजाईन इंजीनियर पर 15, इग्लिश टीचर 15 पदों पर देवास जॉब पोर्टल पर रिक्तियों उपलब्ध है। कम्पनियों द्वारा देवास जिले के स्थानीय युवाओं को उनकी योग्यता एवं कौशल के अनुसार अपने संस्थान में उपलब्ध रिक्तियों की जानकारी उपलब्ध करा रही है एवं शिक्षित युवकों द्वारा उपलब्ध रिक्तियों में निरन्तर अपना आवेदन कर रोजगार प्राप्त किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर शिक्षित युवकों के लिये रोजगार मेलों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराये जा रहे है।

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर गायत्री मंदिर शाजापुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान श्रीकृष्ण, माँ सरस्वती एवं श्रीमद्भगवद्गीता की पूजा-अर्चना से हुआ। कार्यक्रम में श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सस्वर पाठ पंडित श्री आशीष जोशी, पंडित श्री अनिल नागर, पंडित श्री जितेंद्र त्रिवेदी, पंडित श्री अधोक्षज एवं श्री हरीश शर्मा द्वारा किया गया, जिसमें उपस्थितजनों ने सहभागीता की। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना, नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रेम जैन, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री संतोष जोशी, श्री आशीष नागर, गायत्री परिवार प्रमुख ट्रस्टी श्री प्रदीप वैद, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री मनीषा वास्कले आदी।

## अनुसूचित जनजाति के युवाओं को स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिये मिलेगी आर्थिक मदद

**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिये सरकार द्वारा संचालित भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। ग्वालियर जिले के अनुसूचित जाति के युवाओं से इन योजनाओं के तहत 30 दिसम्बर तक आवेदन माँगे गए हैं। मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र ऑनलाइन पोर्टल samast.mpon-line.gov.in पर भरे जा सकते हैं। साथ ही इसकी हार्डकॉपी शारदा विहार सिटी सेंटर स्थित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं शाखा प्रबंधक आदिवासी वित्त एवं विकास निगम के कार्यालय में जमा करनी होगी। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के तहत एक से 50 लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। सरकार द्वारा नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर 5 प्रतिशत अथवा वास्तविक जो भी कम हो, की दर से 7 वर्षों तक ब्याज अनुदान उपलब्ध कराया जाता है।

# जिले में 'विश्व एड्स दिवस' के अवसर पर जागरूकता रैली, मानव श्रंखला, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता का किया आयोजन



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में 01 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर 01 दिसंबर से 7 दिसंबर 2025 तक जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक स्तर पर जन जागरूकता गतिविधियां एवं अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

विश्व एड्स के अवसर पर जिला चिकित्सालय द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली को जिला चिकित्सालय परिसर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक, न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय देवास रोहित श्रीवास्तव, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड जिला न्यायालय देवास कुंवर युवराज सिंह एवं जिला एड्स नोडल अधिकारी एवं डॉ. अमरीन शेख ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली देवास शहर के मुख्य मार्गो से होकर सयाजी द्वारा से होते हुए सीएमएचओ कार्यालय पर संपन्न हुई। साथ ही सयाजी द्वारा पर मानव श्रंखला भी बनाई गई। एचआईवी जागरूकता हेतु कन्या महाविद्यालय एवं नर्सिंग कालेज की छात्राओं द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर में नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया गया।

इसी क्रम में जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय सहित ट्रामा सेंटर पर शासकीय नर्सिंग कॉलेज देवास की छात्राओं द्वारा रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। रंगोली एवं पोस्टर प्रतिभागियों को सीएमएचओ ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरूस्कार प्रदान किये। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ राजेन्द्र गुजराती, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संतोष कोतकर, नर्सिंग कॉलेज के समस्त फेकल्टी, डॉ. सुशील सोनगरा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी अमलतास मेडिकल कॉलेज का स्टॉफ, विभिन्न? कॉलेजों के छात्र-छात्रायें, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# मेले की तैयारियां तेजी के साथ की जा रही हैं

**ग्वालियर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेले की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। मेले में साफ-सफाई के कार्य को भी तेजी के साथ किया जा रहा है। इसके साथ ही जल प्रदाय हेतु नलकूप खनन का कार्य भी अंतिम चरण में है। मेले में अब तक 240 दुकानों का आधिपत्य मेला प्राधिकरण द्वारा दिया जा चुका है।

मेले में दुकानों को सजाने का कार्य भी दुकानदारों द्वारा तेजी से किया जा रहा है। 25 दिसम्बर तक आवंटित दुकानें संचालन की स्थिति में नहीं पाई गईं तो ऐसे दुकानदारों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने ग्वालियर व्यापार मेले में जिन लोगों को दुकाने आवंटित की हैं उन्हें तत्काल कार्य प्रारंभ करने को कहा है। इसके साथ ही मेले की सभी तैयारियां तेजी के साथ पूर्ण करने की हिदायत भी दी है। मेले में रिक्त दुकानों के लिये ऑनलाइन आवेदन 2 दिसम्बर से किए जा सकेंगे। पोर्टल पर रिक्त दुकानों में इलेक्ट्रोनिक सेक्टर, झूला सेक्टर, जनरल एवं फर्नीचर व कपड़ा सेक्टर अलग से प्रदर्शित हो रहे हैं।

इच्छुक आवेदक अपनी पसंद की दुकानों के लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दुकानें आवंटित की जायेंगीं। मेला सचिव श्री सुनील त्रिपाठी ने बताया कि ग्वालियर मेले में जिन दुकानों को आधिपत्य प्राप्त हो गया है उनके द्वारा दुकानों को सजाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। झूला सेक्टर में भी तेजी के साथ झूले स्थापित करने की कार्रवाई की जा रही है। मेले की साफ-सफाई का अभियान भी तेजी के साथ किया जा रहा है।

# जीपीएफ गुमशुदा कटौत्रों के निराकरण के लिये इंदौर में 15 से 19 दिसम्बर तक आयोजित होगा शिविर

## देवास जिले के आहरण संवितरण अधिकारी एवं अभिदाता शिविर में उपस्थित होकर गुमशुदा कटौत्रों का निराकरण करायें

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी देवास सुश्री निरूपमा पालीवाल ने बताया कि उक्त शिविर में जिला कोषालय देवास अंतर्गत आहरण संवितरण अधिकारी एवं अभिदाता उपस्थित होकर गुमशुदा कटौत्रों का निराकरण करा सकते हैं। शिविर में जीपीएफ के प्रकरणों से संबंधित दस्तावेज जैसे सामान्य भविष्य निधि कटौत्रा पत्रक, वेतन देयक, चालान की प्रति, कैशबुक, बिल रजिस्टर आदि की प्रमाणित प्रति तैयार कर शिविर में उपस्थित होकर प्रकरणों का निराकरण करवायें। शिविर में जीपीएफ के अंतिम भुगतान प्रकरणों में बरती जाने वाली सावधानियां एवं जीपीएफ संबंधी अन्य जरूरी मार्गदर्शन भी दिया जायेगा।

# सभी नगरीय निकाय में गीता भवन निर्माण के लिए भूमि का चिन्हांकन करें- कलेक्टर सुश्री बाफना

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर सुश्री बाफना ने आज विभागीय समन्वय एवं समयसीमा पत्रोंकी समीक्षा बैठक में शाजापुर जिले में एसआईआर का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण होने पर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कलेक्टर सुश्री बाफना ने सभी शासकीय विभागों के भवनों पर सोलर रूफटॉप स्थापित कराने के निर्देश भी दिये। उन्होंने सभी नगरीय निकायों के सीएमओ एवं जनपद पंचायतों के सीईओ को ईकेवायसी में प्रगति लाने, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण/शहरी के आवासों के निर्माण कार्य में प्रगति लाने, सभी नगरीय निकायों में गीता भवन निर्माण के लिए भूमि का चिन्हांकन करने के निर्देश दिये। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को पूर्ण हो चुकी जलजीवन मिशन की नलजल योजनाओं को हस्तांतरित करने के निर्देश दिये। राजस्व अधिकारियों को नामांतरण, बटवारा, सीमांकन के प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री बाफना ने जिला परियोजना समन्वयक एवं जिला शिक्षा अधिकारी को आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता (एफएलएन) गतिविधियों का सतत निरीक्षण करते हुए एफएलएन में सुधार लाने, सभी स्कूलों में शिक्षकों की ऑनलाईन अटेंडेंस हमारे शिक्षक एप्प के माध्यम से लगवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने परिवहन विभाग के अधिकारी को नियमित रूप से वाहनों की चेकिंग कर कार्यवाही करने, दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन करने एवं गंभीर उल्लंघनों के मामलों में ड्राइविंग लाइसेंस के निरस्तीकरण एवं निलंबन की कार्रवाही करने के निर्देश दिये। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए सीएमएचओ को गर्भवती माताओं की समग्र ईकेवायसी करने एवं स्वास्थ्य विभाग के रेफरल प्रकरणों की भी समीक्षा की।

# जिले में एसआईआर के तहत मतदाता गणना पत्रक डिजिटलाइजेशन कार्य 96.04 प्रतिशत पूर्ण

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण, फॉर्म का डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्य कर रहे हैं। जिले में अबतक 96.04 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य हो गया है। जिसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सोनकच्छ में 98.65 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र देवास में 92.8 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हाटपीपल्या में 98.33 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र खातेगांव में 97.56 प्रतिशत और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बागली में 94.78 प्रतिशत मतदाता गणना पत्रक डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण हो गया है। जिले में अब तक 751 मतदान केन्द्रों का शतप्रतिशत डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण हो गया है। एसआईआर कार्य के तहत जिले में मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किये गये है। जिले की पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित जानकारी तथा कठानियों के त्वरित निराकरण के लिए डिस्ट्रीक कान्टेक्ट सेंटर(1950) में पाली अनुसार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर त्वरिक निराकरण किया जा रहा है। जिले में एसआईआर कार्य की संपूर्ण प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तर पर बीएलओ कार्य की मॉनिटरिंग के लिए बीएलओ सुपरवाइजर, जोनल अधिकारी नियुक्त किये गये है। साथ ही बीएलओ के सहयोग के लिए अतिरिक्त कर्मचारी लगाए गए है।

## बाल संरक्षण के मुद्दों को संवेदनशीलता के साथ निराकृत किया जाए



**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य सचिव डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बाल संरक्षण के संबंध में समीक्षा के दौरान कहा कि बालकों से संबंधित मुद्दों को संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने बाल अधिकारों के क्षेत्र में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा भी की। इसके साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को बाल संरक्षण आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने की बात भी कही। कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण के संबंध में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री सोजान सिंह रावत सहित कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्रीमती उपासना राय, जिला शिक्षा अधिकारी श्री चतुर्वेदी सहित बाल अधिकार संरक्षण के क्षेत्र से जुड़े विभागीय अधिकारी एवं बाल संरक्षण आयोग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री बाफना के नेतृत्व में जिले में एसआईआर का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋजु बाफना के नेतृत्व में शाजापुर जिले में चल रहे एसआईआर का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण हुआ। कलेक्टर ने बताया कि एसआईआर कार्य में अभी भी कोई व्यक्ति अतिरिक्त जानकारी जमा करना चाहता या पूर्व में दी गयी जानकारी में किसी प्रकार का संशोधन करवाना चाहता हैं तो वह बीलएलओ से संपर्क कर सुधार करवा सकते हैं।

शाजापुर जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा बीएलओ के सहयोग के लिए वालेंटियर्स लगाए गये। राजनैतिक दलो के द्वारा उनके बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से एवं एसआईआर प्रभारी द्वारा घर-घर जाकर गणना फार्म प्राप्त कराने में विशेष सहयोग प्रदान किया गया है, जिसके कारण जिले में 30 नवम्बर 2025 की स्थिति 100 प्रतिशत एसआईआर का कार्य पूर्ण किया गया है। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 705631 मतदाता हैं। जिनमें विधानसभा क्षेत्र 167-शाजापुर में 249137 मतदाता हैं। इसी प्रकार 168-शुजालपुर में 223805 तथा 169-कालापीपल में 232689 मतदाता हैं। जिनके गणना पत्रकों के डिजिटाईजेशन का कार्य संपन्न हुआ हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री बाफना द्वारा एसआईआर-2026 का कार्य 18 नवम्बर 2025 से जिला स्तर से प्रति 2 घंटे के कार्य की प्रगति रिपोर्ट ली जाकर मतदान केन्द्रो पर कार्य की सतत समीक्षा की गई। साथ ही प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से ईआरओ, एआरओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद एवं नगर पंचायत से लगने वाले मतदान केन्द्रो के संबंध में जानकारी ली गई एवं प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया गया।

# नाराज किसानों ने यूरिया खाद टोकन न मिलने पर किया चक्काजाम, 6 दिसंबर तक की पर्ची बंटवाई



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** यूरिया खाद के टोकन न मिलने से नाराज किसानों ने कृषि उपज मंडी के सामने सडक़ पर विरोध प्रदर्शन किया। अभ्येश्वर सोसाइटी में टोकन वितरण न होने से नाराज किसानों ने लगभग 15 मिनट तक चक्काजाम भी किया। सूचना मिलने पर बीएनपी पुलिस, तहसीलदार और कृषि अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से बातचीत कर उन्हें समझाया, जिसके बाद किसान सडक़ से हटे। अधिकारियों के कहने पर किसानों को 1 से 6 दिसंबर तक के लिए टोकन वितरित किए गए। किसान नेता राजेंद्र सिंह बैस ने बताया कि उन्होंने पहले भी प्रशासन से सभी किसानों को एक साथ टोकन देने का निवेदन किया था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रत्येक किसान को केवल दो-दो बोरी खाद दी जा रही है और पुलिस उन्हें अंदर करने की धमकी दे रही है। बार-बार खाद केंद्र के चक्कर लगाने से किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। सुबह जल्दी आने के बाद भी किसानों को समय पर टोकन नहीं मिल रहे। कृषि अधिकारी गोपेश पाठक ने इस मामले पर कहा कि अभी तक लगभग 4 हजार मीट्रिक टन खाद किसानों को वितरित किया जा चुका है और खाद की कोई समस्या नहीं है। उन्होंने भीड़ का कारण बताते हुए कहा कि एक किसान तीन अलग-अलग जगहों से टोकन लेता है।

पाठक ने आश्वासन दिया कि अगले दो से तीन दिनों में दो से तीन रैक मिलने की उम्मीद है, जिससे अगले सप्ताह तक खाद की कोई समस्या नहीं आएगी। उन्होंने बताया कि जिले में करीब 3 हजार मीट्रिक टन खाद का स्टॉक है। इस वर्ष पिछले साल की तुलना में किसानों को अब तक 90 हजार अधिक बोरी खाद वितरित की जा चुकी है। आज खाद के टोकन का वितरण हुआ है और सभी किसानों को 6 तारीख तक खाद का वितरण हो जाएगा।

# युवक-युवती ने चामला नदी में लगाई छलांग






**देर रात दोनों के शवों निकला नदी से बाहर**

**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** रविवार रात में एक दिल दहालानी वाली घटना सामने आई इस घटना में एक युवक ओर एक युवती ने बड़नगर चामला नदी में कुद कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली घटनास्थल की जानकारी मिलते ही बड़नगर प्रशासन मौके पर पहुंचा बड़नगर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी एसडीओपी महेंद्र सिंह परमार ने जानकारी में बताया कि स्थानीय लोगों के जानकारी के अनुसार बताया गया कि पुल पर एक बाईक गाड़ी खड़ी है और एक युवक एक युवती ने नदी में चलांग लगाकर कूद गए हैं और दोनों लापता है इसके बाद तुरंत बड़नगर पुलिस नदी में स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को ढूंढने में लगी कई घंटे बीत जाने के बाद रात में करीब1=30 और 2=45 बजे लड़की और लड़के को पानी में से ढूंढ निकाला दोनों मृत अवस्था में पाए गए तत्पश्चात शव को बड़नगर के शासकीय हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया बड़नगर एसडीओपी महेंद्र सिंह परमार ने यह भी बताया कि बड़नगर बड़नगर क्षेत्र का वारिस उर्फ फरदीन पिता इस्लाम उम्र 20 वर्ष निवासी बीरगोदा नाथु का रहने वाला है और अभी कुछ जानकारी मिली है की लड़की पेटलावद की रहने वाली है किस वजह से दोनों ने अपनी जान दी है इस घटना के पूरे मामले की जांच में हमारी बड़नगर पुलिस टीम लगातार जुटी है।

## धर्म का फल सभी चाहते हैं लेकिन धर्म करना कोई नहीं चाहता- मुनि प्रणुत सागर महाराज




**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** धर्म से सुख मिलता है, पाप से दुख ही मिलता है । पुण्य का फल अवश्य ही मिलता है । धर्म का फल सभी चाहते हैं लेकिन धर्म करना कोई नहीं चाहता ।

उक्त विचार मुनि श्री प्रणुतसागर जी महाराज ने श्री दिगम्बर जैन तेरापंथ मंदिर गांधी चौक के सभागार में प्रवचन के दौरान व्यक्त किये । आपने कहा कि जीवन में सफलता के लिए धर्म, माता-पिता, गुरु व मित्र का बड़ा महत्व है । व्यक्ति के जीवन में पुण्य हैं तो वह सद्बुद्धि से सद् मार्ग पर चलता है । पुण्य का संचय करने से अच्छे लोग धन-दौलत एवं ख्याति मिलती है । कल्याणकारी मित्र का जीवन में बड़ा महत्व है, वह गलत काम से रोकने का प्रयास करता है । सच्चे मित्र के सहयोग से सपने साकार होते हैं मित्र की ताकत से बुढ़ापा बदनाम होने से बचेगा । निरोगी काया है तो सब कुछ अच्छा ही अच्छा है । स्वस्थ रहकर प्रभु के नाम का स्मरण करना चाहिए। मानव जीवन की प्राप्ति समता के लिए हैं चेहरे पर मुस्कुराहट बनी रहना चाहिए ।

सोमवार के प्रवचन शुभारंभ में धर्मेंद्र बिलाला ने गुरुदेव का गुणानुवाद करते हुए मंगलाचरण की प्रस्तुति दी । विजय गोखरु ने मुनि श्री के चरणों से संपूर्ण उपस्थित जनों की ओर से श्रीफल भेंट किया। प्रवचन में नगरपालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, तेजकुमार शाह, नवीन काला, नरेंद्र शाह, सुशील गोधा आदि उपस्थित थे। संचालन दीपक बिलाला ने किया।

## ऐड्स दिवस के उपलक्ष्य मे रक्तदान शिविर आयोजित




**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़नगर में दिनांक 1 दिसंबर 2025 को एड्स दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय की रेड रिबन समिति ,राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर सुनील कुमार उदिवाल द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। शिविर में एनएसएस वॉलिंटियर्स एवं एनसीसी कैडेट्स का सहयोग भी सराहनीय रहा। महाविद्यालय के स्टाफ में जूलॉजी विभाग की डॉ. अर्चना शर्मा द्वारा भी रक्तदान किया गया व छात्रों को रक्तदान हेतु प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के छात्र सावन मसार ,आयुषी तंवर ,अखिलेश, सचिन, उमा चौधरी ,विशाल वड़ियावल, युवराज सिंह डाबी, कमलेश सिसोदिया ,शुभम राठौड़ सुनील गोदान मनीष केवट विजय राठौड़ मोहम्मद समीर पटेल द्वारा रक्तदान कर शिविर की सफलता में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। समस्त आयोजन प्रभारी डॉ. सुनीता कुमावत के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों को जीवन में अधिक से अधिक रक्तदान करने हेतु अनुरोध किया।

## सेंट थॉमस स्कूल में दो दिवसीय खेल महोत्सव




**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** सेंट थॉमस हायर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या थे। मंच पर संस्था प्रबंधक फादर थॉमस, उप प्रबंधक फादर जोसफ, प्राचार्या मोली टॉमी और उप प्राचार्या सिस्टर ग्रेसी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रार्थना गीत से हुआ। स्कूल बैंड ने गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। स्वागत भाषण प्राचार्या मोली टॉमी ने दिया। इसके बाद चार ग्रुप ने मार्च पास्ट की प्रस्तुति दी। शपथ विधि और दीप प्रज्वलन के पश्चात संस्था प्रबंधक फादर थॉमस ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतियोगिता की विधिवत घोषणा की।

नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। खेल अनुशासन और श्रेष्ठ प्रदर्शन की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी खेल और खिलाड़ियों को सदैव प्रोत्साहित करते हैं।


कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य, समूह गीत और छोटे बच्चों ने योग की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में 100, 200, 400, 600, 800 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले रेस, गोला फेंक, चक्का फेंक, लॉन्ग जम्प, नींबू रेस, फ्रॉग रेस, चेयर रेस सहित विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उक्त जानकारी शिक्षक राजेन्द्र शिर्के द्वारा दी गई।

## वार्ड क्र. 7 में सामूहिक रूप से सुना गया 'मन की बात' कार्यक्रम



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** वार्ड क्रमांक 7 के मतदान बूथ क्रमांक 183 एवं 184, शिक्षक कॉलोनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम पूर्व भाजपा जिला मंत्री रेखा राठौड़ के निवास पर सामूहिक रूप से सुना गया।इस अवसर पर विधायक जितेंद्र उदय सिंह पंड्या, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री गणपत डाबी, पूर्व भाजपा जिला मंत्री रेखा राठौड़, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उषा सोनी, पिछड़ा मोर्चा नगर अध्यक्ष रामप्रसाद राठौर, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सैयद साजिद अली, बूथ अध्यक्ष विनीता वर्मा सहित जयेश जोशी, चेतना राठौड़, मोहित, आयुष, लोकेंद्र, कांता देवी, सीमा, बाबूलाल एवं अनेक कार्यकर्ता तथा क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र निर्माण, जनकल्याण एवं विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर दिए गए संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना गया। उपस्थित जनसमूह ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार प्रेरणादायी हैं और समाज को सकारात्मक दिशा देने वाले हैं।

## पेंशनर समाज बड़नगर द्वारा श्री आचार्य को श्रृद्धांजली दी



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** पेंशनर समाज बड़नगर के संरक्षक व पुर्व कर्मचारी नेता सेवा निवृत्त शिक्षक रमाकान्त आचार्य के स्वर्गवास होने पर पेंशनर समाज बड़नगर द्वारा श्रृद्धांजली अर्पित की गई। अध्यक्ष भरतलाल शर्मा व उपाध्यक्ष बालकृष्ण पोरवाल, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्रसिंह राठौर आजाद गोविन्दसिंह पंवार सचिव एवं कार्यकारिणी के सदस्यगण प्रकाश पंचोली, साहित्यकार, विजय यादव, रामेष्वर नागल, दिनेष शर्मा, राजकुमार जैन, नन्दकिषोर उबाल, प्रेमनारायण पोरवाल, परमानन्द वर्मा, विनोद मकवाना, रमेषचन्द्र राठौर, नन्दकिषोर शर्मा, राधेष्याम वर्मा, शंकरलाल पंवार आदि ने अपने श्रृद्धा सुमन अर्पित किये एवं श्रृद्धांजली दी गई।

## गीता जयंती पर प्रभात फेरी मंडल ने किया नगर भ्रमण मुनिश्री से लिया आशीर्वाद



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** हमने राम को तो नहीं देखा, किन्तु अयोध्या में भगवान श्रीराम को प्रतिष्ठित होते हुए देखा है तो हमसे बड़ा भाग्यशाली कौन हो सकता है। केवल एक बार राम का नाम लेने से ही मनुष्य का जीवन सफल हो जाता है, आप तो नित्य प्रतिदिन भगवान राम का कीर्तन कर रहे हैं यह सब भगवान राम की कृपा है से हो रहा है। यह बात मुनि श्री प्रणुत सागर जी महाराज ने प्रभात फेरी भक्त मंडल के समक्ष आशीर्वचन देते हुए कहे । इससे पूर्व गीता जयंती महोत्सव के इस पुनीत अवसर पर प्रातः 6 बजे स्थानीय शिवाजी पथ से प्रभात फेरी निकली जो नगर भ्रमण करते हुए रंगार सेरी स्थित गीता भवन पहुँची, जहाँ हनुमान चालीसा एवं श्रीराम स्तुति का सामूहिक पाठ किया गया। इस अवसर पर मंडल के साँवरिया शर्मा ने श्रीमद्भगवद्गीता के प्रमुख अध्यायों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थितजनों को धर्म, कर्म और समत्व की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने आगामी 31 दिसम्बर को आयोजित बड़नगर तहसील की समस्त प्रभात फेरियों एवं भजन मंडलियों के सामूहिक संगम में सहभागिता हेतु भावपूर्ण आव्हान किया। प्रभात फेरी पुनः नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए शिवाजी पथ पहुंच कर प्रभात फेरी को विराम दिया गया । गीता जयंती पर प्रभात फेरी मंडल ने किया नगर भ्रमण, मुनिश्री से लिया आशीर्वादबड़नगर। गीता जयंती महोत्सव के पावन अवसर पर प्रभात फेरी मंडल द्वारा सोमवार प्रातः नगर में भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। यह फेरी प्रातः 6 बजे शिवाजी पथ से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए रंगार सेरी स्थित गीता भवन पहुँची, जहाँ हनुमान चालीसा एवं श्रीराम स्तुति का सामूहिक पाठ किया गया।इस अवसर पर मंडल के साँवरिया शर्मा ने श्रीमद्भगवद्गीता के प्रमुख अध्यायों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थितजनों को धर्म, कर्म और समत्व की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने आगामी 31 दिसम्बर को आयोजित बड़नगर तहसील की समस्त प्रभात फेरियों एवं भजन मंडलियों के सामूहिक संगम में सहभागिता हेतु भावपूर्ण आव्हान किया।प्रभात फेरी पुनः नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई शिवाजी पथ लौटकर संपन्न हुई। इसके पश्चात गांधी चौक स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि श्री प्रणुत सागर जी महाराज से सभी श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया।मुनिश्री ने अपने आशीर्वचन में कहा हमने राम को तो नहीं देखा, किन्तु अयोध्या में भगवान श्रीराम को प्रतिष्ठित होते हुए देखा है – तो हमसे बड़ा भाग्यशाली कौन हो सकता है। केवल एक बार राम का नाम लेने से ही मनुष्य का जीवन सफल हो जाता है। आप तो नित्य प्रतिदिन भगवान राम का कीर्तन कर रहे हैं – यह सब भगवान राम की ही कृपा है।

नगर में प्रतिदिन हो रही है हनुमान चालीसा पाठ - अयोध्या में भगवान राम की प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर आगामी 31 दिसम्बर पौष शुक्ल बारस को प्रभात फेरी मंडल प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा जिसकी तैयारी को लेकर प्रभात फेरी मंडल नगर के विभिन्न मोहल्लों में पहुंच कर प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ एवं श्रीराम स्तुति कर रही है ।

इसी प्रकार ग्रामीण अंचलों में भी करीब 150 ग्रामों में चल रही प्रभात फेरियां भी 31 दिसंबर को नगर में आयोजित सामूहिक संगम में भाग लेगी । आयोजन को लेकर संपूर्ण तैयारियां जोरों पर है ।

## एसआईआर कार्य शत प्रतिशत होने पर सरपंच ने किया बीएलओ का सम्मान




**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य एसआईआर को पूर्ण करने के लिए अधिकारी एवं कर्मचारी दिन रात लग रहे व शत प्रतिशत कार्य करते हुए अभियान को परिणाम तक पहुंचाया है। इसी श्रृंखला में ग्राम पंचायत सुंदराबाद में नवीन बीएलओ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुश्री संध्या राठौर द्वारा उत्साहजनक कार्य करते हुए कार्य को शत प्रतिशत किया गया। इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती ज्योति पंड्या अजय पंड्या सजग द्वारा ग्राम पंचायत सभागृह में पटवारी सुश्री शुभी बावने एवम कुंजलता तिवारी के मुख्य आतिथ्य में सुश्री संध्या का पुष्पमाला पहनाकर एवम प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उनके सहयोगी ग्राम पंचायत सचिव धर्मेंद्र बैरागी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा भट्ट, सहायिका श्रीमती अनिता बैरागी, श्रीमती माया परमार का भी स्वागत किया गया। साथ ही पंचायत समन्वय अधिकारी श्री प्रकाशचंद्र राठौर के प्रति भी अभिनंदन प्रकट किया गया। संचालन दीपक पंड्या ने किया आभार घनश्याम सिंह पंड्या ने माना।

## गीता जयंती पर संस्कृत कार्यक्रम किया आयोजित




**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया ग्राम मदाना गांव गीता ज्ञान मंदिर हाई स्कूल मे आज गीता जयंती का आयोजन बड़ी सादगी पूर्वक मनाया गया सुबह 8 बजे से गीता ज्ञान मंदिर हाई स्कूल के सभी छात्राओं द्वारा गांव में प्रभात फेरी निकाली गई प्रभातफेरी गांव के प्रमुख मार्ग से होकर पुनः स्कूल परिसर पहुंची जहां पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर संस्कृति कार्यक्रम प्रारंभ किया गया गीता जयंती के अवसर पर स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी कार्यक्रम में मचा सीन अतिथि के रूप में पूर्व जिला उपाध्यक्ष भगवत सिंह मंडलोई ,मोहन सिंह पठारिया, बाबा साहेब राणे, किसान संघ जिला अध्यक्ष डॉक्टर सवाई सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह सिसोदिया, गजराज सिंह सिसोदिया , रमेश दिवान जी,पूर्व जिला उपाध्यक्ष हेमंत मेवाड़ा , पूर्व अध्यक्ष सुरज सिंह सिसोदिया, बाबू लाल सिसोदिया, मांगीलाल जी लोहार,सरपंच गोविंद मालवीय , विश्व हिंदू परिषद के महेंद्र रघुवंशी, धर्मेंद्र सिंह राजपूत, विष्णु डॉक्टर, कमल सिंह सिसोदिया, अध्यापक लखन सिंह सिसोदिया, डॉक्टर तेज सिंह यादव,गहलोत मेवाड़ा समाज के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह सिसोदिया, दिपक सिंह यादव , अतिथि के रूप में मौजूद थे गीता ज्ञान मंदिर हाई स्कूल परिवार के प्रिंसिपल फतेहसिंह आचार्य सहित सभी शिक्षकों ने सभी अतिथियों का भगवान दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया सभी अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन अंतर सिंह अध्यापक द्वारा किया गया कार्यक्रम में स्कूली छात्र छात्राए पालक गण ग्रामीण आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## विश्व एड्स दिवस : सिविल अस्पताल में दी बचाव की जानकारी, दिलाई जागरूकता की शपथ




**सुसनेर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को नगर में शासकीय सिविल अस्पताल में आने वाले मरीजों व उनके परिजनों को जागरूक किया गया। इस दौरान सीबीएमओ डॉ राजीव कुमार बरसेना द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों को जागरूकता की शपथ दिलाते हुए आमजन को एड्स के प्रति जागरूक करने, सावधानियां बरतने, एड्स पीड़ित मरीजों को चिन्हित कर उनको उचित उपचार की सलाह देने व उनके साथ उचित व्यवहार करने की बात कही। स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ बी बी पाटीदार द्वारा एड्स फैलने के कारण, उससे बचाव के उपाय व सावधानी रखने पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। नर्सिंग स्टॉफ द्वारा आकर्षक रंगोली व बेनर पोस्टर के माध्यम से जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ यश रूपरिया, डॉ नीलम जैन, डॉ शशांक वर्मा, बीडीएस सीमा पाटीदार, शिवानी सोनी, फिजियोथेरेपिस्ट यश शर्मा, बीईई भरत भावसार, बीपीएम दौलत मुजाल्दे, कुलदीप शुक्ला, एक्सरे टेक्नीशियन शाहरुख खान, लेब टेक्नीशियन महेंद्र सूत्रकार, अमन शर्मा, मनीष बागोत्या, अक्षय रावल, नेहा चौहान, महेंद्र जादमे, विठ्ठल पाटीदार, संजना गोस्वामी, साधना मेश्राम, मीनल गौतम, दीपक जैन, संजय चौहान, डिम्पल योगी सहित स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## गीता जयंती महोत्सव उत्कृष्ट विद्यालय देपालपुर में आयोजित



**देपालपुर/ अंकित भोला परमार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देपालपुर में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनीता महेश पुरी गोस्वामी, अध्यक्ष नगर परिषद देपालपुर रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपना सिंह, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय देपालपुर ने की।

विशेष अतिथि के रूप में राजेश शास्त्री, मुख्य पुजारी 24 अवतार मंदिर देपालपुर; हरिराम सोलंकी, गीता प्रतिष्ठानम् संयोजक; सोहनलाल परमार, सेवा भारती; योगेंद्र गीते, प्राचार्य हाई स्कूल चांदेर; हरिराम चौधरी, सेवानिवृत्त शिक्षक; रमेशचंद्र सोलंकी, सेवानिवृत्त शिक्षक तथा पारस बारोड, संघ सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक सोहन सिंह परमार, जयपुरी गोस्वामी, सोनू सेन, आयुषी तिवारी, भारती कमेरिया, रजनी गौड़, प्रतिभा पांडे, रोशनी टोंडर, हेमलता पाठक, दिनेश मालवीय, खुशबू अंगूरे, वैभव सेन (आईटी), दुर्गेश बड़ोदिया, सविता सोनगरा, रेखा रावल, राजेंद्र साहू, ऋषभ राठौर, शरद सिलावट, रतन राठौर सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश परमार ने किया तथा कृतज्ञता ज्ञापन प्राचार्य सपना सिंह द्वारा किया गया।

संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में 550 विद्यार्थियों ने सस्वर गीता के 15वें अध्याय का वाचन किया।

## ग्राम जलोदिया में एस.आई.आर. सर्वे कार्य पूर्ण, सम्मान समारोह आयोजित



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** ग्राम जलोदिया में एस.आई.आर. सर्वे का कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह सर्वे ग्राम प्रशासन और स्थानीय टीम के सहयोग से किया गया । इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में एक स्वागत समारोह आयोजित किया गया।सर्वप्रथम बी.एल.ओ. प्रवीण शर्मा की टीम का स्वागत भाजपा नेता अशोक धबाई एवं सरपंच मनोहरलाल धबाई द्वारा किया गया। इसके बाद श्रीमती पूजा राय मैडम, चेतन चौहान सर एवं नारायण लाल जाट सर का सम्मान पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। इसी क्रम में मंत्री गोपाल यादव, संगीता चौहान, गोलू बैरागी एवं शारदा बाई का भी स्वागत किया गया। इस दौरान टीम प्रभारी बी.एल.ओ. प्रवीण शर्मा सर का विशेष स्वागत अशोक धबाई द्वारा किया गया तथा उन्हें बधाई दी गई। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि एस.आई.आर. सर्वे ग्राम विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक सटीक और प्रभावी होगा। ग्रामवासियों ने टीम के परिश्रम की सराहना करते हुए इसे सामूहिक सहयोग और प्रशासनिक मार्गदर्शन का परिणाम बताया।

## मदाना पहुंचे रामवीर सिंह सिकरवार, स्वर्गीय पटेल देवीलाल जी सिसोदिया को पुष्पांजलि अर्पण कर अशोक संवेदना की व्यक्त



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया ग्राम मदाना गांव के स्वर्गीय श्री देवकरण जी भाई विक्रम सिंह जी के पूजनीय पिता श्री सामाजिक कार्यकर्ता धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया अध्यापक महेश सिसोदिया के पूजनीय दादाजी स्वर्ग की श्रीदेवी लाल जी सिसोदिया का पिछले दिनों देहांत हो गया था हां आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता श्री रामवीर सिंह जी सिकरवार ग्राम मदाना स्थित सिसोदिया निवास पहुंचे और स्वर्गीय पटेल साहब श्रीदेवी लाल जी सिसोदिया साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण कर शोक संवेदना व्यक्त की श्री सिकरवार जी ने कहा कि जब भी मंदाना आना-जाना होता था तो उनसे राम-राम श्याम श्याम कर उनके चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद लेकर जाता था वह कल भी मेरे दिल में थे और आज भी मेरे दिल में है उन्होंने हमेशा ही मुझे मान सम्मान दिया है इस दुनिया को अलविदा कह कर चले जाना जहां गांव का परिवार में जो क्षति हुई है प्रभु से कामना करूंगा कि इसकी भरपाई के भगवान से प्रार्थना कर परिवार जनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया परिवार जनों उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही इस अवसर पर राजवीर सिंह सिकरवार पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष मुरली यादव युवक कांग्रेस विधानसभा महासचिव धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया कांग्रेस युवा नेता देवेंद्र सिंह सिसोदिया कांग्रेस कार्यकर्ता दीपक सेट धर्मेंद्र सिंह राजपूत आदि ने भी स्वर्गीय पटेल साहब को शौक संवेदना व्यक्त की है जहां करीब 1 घंटे तक मौजूद रहे श्री सिकरवार ने परिवार जनों से मुलाकात कर स्वर्गीय पटेल साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कहीं।

# नवम्बर माह के 'बेस्ट इम्प्लॉय ऑफ द मन्थ' कर्मचारियों को मिला सम्मान




**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना द्वारा नवम्बर माह के बेस्ट इम्प्लॉय ऑफ द मन्थ के रूप में आशा कार्यकर्ता उप स्वास्थ्य केंद्र संदला की श्रीमती क्रिस्तीना वाखला एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पिटोल श्री लक्ष्मण सिंह नायक को सम्मानित किया गया।

कलेक्टर ने दोनों कर्मचारियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सभी कर्मचारी इसी निष्ठा, समयबद्धता और ईमानदारी के साथ कार्य करते रहें। उन्होंने बताया कि इस माह से शासन की फ्लैगशिप योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र देने को शामिल किया गया है। शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी तथा दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को विशेष रूप से सम्मानित किया जा रहा है।

माह नवम्बर में श्रीमती क्रिस्तीना वाखला द्वारा शत-प्रतिशत नवजातों का गृह देखभाल कार्य किया गया, जिसमें किसी भी शिशु एवं मातृ मृत्यु की घटना दर्ज नहीं हुई। गर्भवती महिलाओं की नियमित गृह-भेंट, एचबी कम होने पर अस्पताल ले जाना, तथा जन्म उपरांत शिशुओं का नियमित एचबी, वजन एवं तापमान परीक्षण जैसे प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई।

इसी प्रकार सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी श्री लक्ष्मण सिंह नायक द्वारा नवम्बर माह में 53 तथा वर्ष 2025 में अब तक कुल 320 कृत्रिम गर्भाधान कार्य समयबद्ध एवं ईमानदारीपूर्वक पूर्ण किए गए, जिसके लिए उन्हें बेस्ट इम्प्लॉय ऑफ द मन्थ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

दोनों सम्मानित कर्मचारियों ने कलेक्टर नेहा मीना का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा का कार्य करेगा और वे भविष्य में भी इसी समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे। इस अवसर पर उप संचालक पशुपालन विभाग डॉ. दिवाकर , मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी एस बघेल उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के साथ बड़वानी में हुआ ज्ञान और संस्कृति का संगम



**बडवानी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतर्राष्टीय गीता महोत्सव 2025 के अवसर पर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक महाविद्यालय बड़वानी के सभागृह में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम ने जिले में श्रीमद् भगवद् गीता के शाश्वत संदेश और मूल्यों के प्रति जागरूकता और सांस्कृतिक चेतना का संचार किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंतसिंह पटेल और जिला कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह द्वारा पारंपरिक रूप से कन्या पूजन एवं माँ सरस्वती पूजन से किया गया। इस अवसर पर, जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला और अपर कलेक्टर श्री के.के मालवीय सहित जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद् और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंतसिंह पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, ष्श्रीमद्भगवद्गीता जीवन का सार है, जो हमें कर्मण्यता, कर्तव्यनिष्ठा और धर्मपरायणता का पाठ पढ़ाती है। यह महोत्सव हमें अपने गौरवशाली मूल्यों से जुड़ने का अवसर देता है। उन्होंने युवाओं को गीता के संदेशों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि आज के आधुनिक युग में भी गीता का ज्ञान उतना ही प्रासंगिक है, जो हमें तनावमुक्त रहकर जीवन के हर संघर्ष में सही मार्ग दिखाता है। कार्यक्रम में श्रीमद्भगवद्गीता के 15वे अध्याय पर आधारित बुकलेट का वितरण किया गया साथ ही 15वें अध्याय का 1100 गीता पाठियों द्वारा सामूहिक सस्वर वाचन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और जनमानस को भारतीय संस्कृति और दर्शन की अमूल्य निधि श्रीमद भगवद्गीता से परिचित कराना और उसके नैतिक मूल्यों को समाज में प्रसारित करना रहा।

# राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन

## पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं के बैण्ड ने दी प्रस्तुति



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार प्रतिमाह के प्रथम कार्य दिवस पर कार्यालय परिसरों में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में आज कलेक्टर कार्यालय झाबुआ में विधिवत रूप से सामूहिक गायन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाबुआ की छात्राओं के बैण्ड दल ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। छात्राओं द्वारा वाद्ययंत्रों की संगति के साथ राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान की प्रस्तुतियों को उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सराहा।

कलेक्टर नेहा मीना ने छात्राओं के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्राओं ने अत्यंत अनुशासित, प्रभावी और सुमधुर प्रस्तुति दी है। ऐसे प्रयास न केवल विद्यालय एवं जिले का गौरव बढ़ाते हैं, बल्कि छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन भी विकसित करते हैं। कलेक्टर ने आगे छात्राओं को आगामी राष्ट्रीय पर्वों एवं जिला स्तरीय परेड कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने इन बच्चियों को निरंतर अभ्यास करने और बैण्ड दल की क्षमताओं को और सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया।

इसके साथ ही कलेक्टर ने छात्राओं के लिए बैण्ड दल के गठन की पहल हेतु सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती सुप्रिया बिसेन तथा विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सीमा त्रिवेदी की सराहना की। कलेक्टर की सराहना प्राप्त होने पर छात्राओं में उत्साह और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। छात्राओं कु. मुमताज खान एवं कु. हितिका राकेश नागरू ने विद्यालय में बैण्ड निर्माण की पहल का स्वागत करते हुए अपनी प्राचार्य श्रीमती सीमा त्रिवेदी एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह चौहान, अपर कलेक्टर श्री सी.एस. सोलंकी, संयुक्त कलेक्टर श्री विजय कुमार मण्डलोई, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) झाबुआ श्री भास्कर गाचले, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम




**सुसनेर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर के स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर में डॉ जी सी गुप्ता के निर्देशन में 1 दिसंबर सोमवार को विश्व एड्स दिवस पर स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं रेड रिबन क्लब के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी सी गुप्ता द्वारा स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई । तत्पश्चात जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ आर व्ही गुप्ता एवं मनीष बडगोत्या (परामर्शदाता सिविल हॉस्पिटल सुसनेर) ने एड्स के प्रति जागरूक रहने एवं एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ आदिश कुमार जैन ने किया एवं आभार सहायक प्राध्यापक आकांक्षा श्रीवास्तव ने माना। उक्त जानकारी महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी काशीराम प्रजापति ने दी।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें



**खण्डवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने जिले के सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण अभियान सम्बंधी सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने निर्वाचन सम्बंधी कार्य लापरवाही पूर्वक करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों और सेक्टर अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा, जिला पंचायत के सीईओ डॉक्टर नागार्जुन बी. गौडा, अपर कलेक्टर श्री के आर बडोले, अपर कलेक्टर श्री अरविंद चौहान तथा सहायक कलेक्टर डॉक्टर श्रीकृष्णा सुशिर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए कि गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की लगातार मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि किसानों को कस्टम हायरिंग सेंटर्स के माध्यम से उचित दर पर उन्नत कृषि यंत्र किराए पर उपलब्ध कराएं। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि नरवाई प्रबंधन के लिए अभी से प्रयास करें। उन्होंने कहा कि गेहूं फसल की कटाई के लिए किसी भी हार्वेस्टर को बिना स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम के जिले में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

# गीता जयंती के अवसर पर केंद्रीय जेल बड़वानी में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गीता जयंती के उपलक्ष्य में केन्द्रीय जेल बड़वानी में निरंतर विभिन्न आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों की इस श्रृंखला में इस्कॉन संस्था के मार्गदर्शन में बंदियों को श्रीमद् भगवद् गीता के पंद्रहवें अध्याय सहित अन्य महत्वपूर्ण अध्यायों के श्लोकों का वाचन कराया गया। केवल पाठ करने तक ही सीमित न रहकर, प्रत्येक श्लोक का भावार्थ विस्तारपूर्वक समझाया गया, ताकि बंदियों को गीता के संदेश का गहन और स्पष्ट अनुभव हो। श्लोकों के अर्थ, उनके जीवन में प्रासंगिकता, कर्म और धर्म के सिद्धांतों की व्याख्या ने कार्यक्रम को और अधिक जीवंत बना दिया। जेल अधीक्षक शेफाली तिवारी द्वारा बताया गया कि आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 20 बंदियों ने स्वयं श्रीमद् भगवद्गीता के पंद्रहवें अध्याय के संस्कृत श्लोकों का शुद्ध उच्चारण के साथ वाचन किया। इसके साथ ही भक्ति-भाव से सम्पन्न कीर्तन, गायन एवं संगीत ने पूरे आयोजन को एक पवित्र और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान की। इसी क्रम में मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा संचालित अभ्युदय दृ मध्यप्रदेश गीता ज्ञान ऑनलाइन परीक्षा का भी आयोजन किया गया, जिसमें 29 बंदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 25 बंदियों द्वारा ऑफलाइन परीक्षा में भाग लिया गया। प्रतिभागी बंदियों ने गीता के ज्ञान, जीवन-मूल्यों और कर्तव्य-भाव से जुड़े प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी आध्यात्मिक जिज्ञासा एवं समझ का परिचय दिया।

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित




**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री कन्या उ. मा. विद्यालय में जिला प्रशासन एवं गीता प्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान श्रीकृष्ण, माँ सरस्वती एवं श्रीमद्भगवद्गीता की पूजा-अर्चना से हुआ।

कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल धार्मिक ग्रन्थ नहीं, बल्कि जीवन का व्यवहारिक मार्गदर्शन है। गीता का ज्ञान हमें कर्तव्यपालन, आत्मअनुशासन और कर्मयोग की प्रेरणा देता है। महोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों में न केवल आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ती है, बल्कि जीवन में धैर्य, एकाग्रता और सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश भी मिलता है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में चरित्र निर्माण एवं संस्कारों का संवर्धन होता है, जो भविष्य निर्माण का आधार है।

गीता का सस्वर पाठ एवं भावार्थ- कार्यक्रम में श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सस्वर पाठ गीता प्रतिष्ठान के श्री प्रहलाद जोशी एवं प्राचार्य श्रीमती सीमा त्रिवेदी द्वारा किया गया, जिसमें छात्राओं एवं उपस्थित जनसमुदाय ने सहभागीता की।

सस्वर पाठ उपरांत अध्याय का भावार्थ श्री जैमिनी शुक्ला ने प्रस्तुत किया। इसके बाद श्री राजेश बालसोरा द्वारा कर्मयोग, गीता के सार एवं सनातन संस्कृति में गीता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई।

गीता आरती एवं छात्राओं के साथ संवाद- कार्यक्रम में विधिवत रूप से गीता आरती की गई। गीता आरती के उपरांत कलेक्टर नेहा मीना ने छात्राओं के साथ गीता ज्ञान पर संवाद कर उनके प्रश्नों का उत्तर दिया कार्यक्रम का आभार श्री प्रदीप पंड्या ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह चौहान, अपर कलेक्टर श्री सी. एस. सोलंकी, एसडीएम झाबुआ श्री भास्कर गाचले, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती सुप्रिया बिसेन, जिला शिक्षा अधिकारी श्री आर. एस. बामनिया, अन्य अधिकारी, विद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## नगर परिषद सीएमओ कैलाश वर्मा हुए सेवानिवृत्त



**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उन्हेल नगर परिषद सीएमओ कैलाश वर्मा का सोमवार को सेवानिवृत्त पर नगर परिषद संघ ने भव्य उनका स्वागत सम्मान आयोजित कार्यक्रम किया गया जहां नगर परिषद से वह खुली गाड़ी में बैठ कर नगर के प्रमुख चौराहे पर भव्य जुलूस निकाला गया जहां वर्मा ने खुली कार से लोगों को हाथ जोड़कर अभिनंदन किया गया लोगों ने जगह-जगह उनका स्वागत सम्मान भी किया गया।

## मिशन शक्ति-सेट अंतर्गत अंतरिक्ष अन्वेषण में नारी शक्ति को प्रोत्साहन

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है और अपने अभिनव मिशनों तथा तकनीकी उपलब्धियों के माध्यम से वैश्विक मंच पर एक प्रमुख स्थान बना रहा है। इस प्रगति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और उन्हें पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अंतरिक्ष क्षेत्र में सक्रिय रूप से शामिल करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति-सेट की शुरुआत की गई है। इस मिशन के अंतर्गत भारत सहित 108 देशों की हाईस्कूल की करीब 12 हजार छात्राएं शामिल रहेंगी।

# दुकानदारों को नोटिस देकर नगर परिषद ने अतिक्रमण हटाने की दी चेतावनी

## अतिक्रमण न हटाने पर होगी कानूनी कार्रवाई

**सुसनेर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर नगर परिषद द्वारा सोमवार को साई चौराहा से लेकर पांच पुलिया तक के क्षेत्र में दुकानदारों को नोटिस थमाए गए और अतिक्रमण तुरंत हटाने की चेतावनी दी गई। नगर परिषद ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ ओपी नागर ने बताया कि यह कदम नगर में आवागमन और यातायात को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। उन्होंने कहा नगर के मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण से नागरिकों के आवागमन में कठिनाई हो रही थी। पहले ही दुकानदारों को कई बार समझाइश दी गई थी लेकिन सुधार न होने पर अब नोटिस जारी किए जा रहे हैं। यह कार्रवाई नगर की सुरक्षा और सुव्यवस्थित यातायात सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। नगर परिषद के कर्मचारियों ने साई चौराहा से पांच पुलिया तक दुकानदारों के स्टॉल और दुकानों का निरीक्षण कर नोटिस थमाए। अधिकारियों के अनुसार अब नोटिस जारी करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके बाद अतिक्रमण हटाने का विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान चरणबद्ध तरीके से पूरे नगर में लागू किया जाएगा ताकि नागरिकों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो।

### इनका कहना

मुख्य बाजार में अतिक्रमण को लेकर नोटिस देने की कारवाई शुरू कर दी है। नोटिस के बाद अतिक्रमण हटाया जाएगा।

**-ओपी नागर**
**सीएमओ नगर परिषद सुसनेर**

# भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4239 रुपए जारी

**खण्डवा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 1 दिसंबर को 4239 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है।

# सुसनेर में अतिक्रमण ने अस्पताल और शहीद पार्क की सुरक्षा पर डाला खतरा

## अतिक्रमण से बाधित हो रही आपातकालीन सेवाएं

**सुसनेर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में बस स्टैंड स्थित शहीद पार्क और पुराना बस स्टैंड स्थित मांगलिक भवन के पास अतिक्रमण की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। नगरवासियों का कहना है कि लोग गुमटियां लगाकर और वाहन खड़े करके सार्वजनिक रास्तों और पार्कों पर कब्जा कर रहे हैं। इसका सीधा असर आम जनता और अस्पताल की आपातकालीन सेवाओं पर पड़ रहा है। मांगलिक भवन के पास सिविल अस्पताल का नया भवन बनने के बाद से सड़क मार्ग पर और अतिक्रमण की स्थिति गंभीर हो गई है। अस्पताल में दिनभर एम्बुलेंस का आवागमन लगा रहता है। लेकिन सड़कों पर खड़े वाहन और गुमटियां मरीजों और एम्बुलेंस के आवागमन में बाधा डाल रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसे हालात में मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सुविधा तक पहुंचाना मुश्किल हो रहा है। वहीं पुराना बस स्टैंड स्थित शहीद पार्क के पास भी अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। कुछ लोगों ने पार्क के पास गुमटियां लगाकर टिन शेड का निर्माण कर लिया है। इसके कारण पार्क का सार्वजनिक उपयोग मुश्किल हो गया है और नगरवासियों के लिए यह जगह अपनी मूल उपयोगिता खोती जा रही है। विशेष चिंता की बात यह है कि मांगलिक भवन और शहीद पार्क दोनों ही नगर परिषद के अंतर्गत आते हैं। इसके बावजूद अतिक्रमण हटाने वाली नगर परिषद इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। स्थानीय लोगों ने लिखित शिकायतें देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं देखी है। नगरवासियों में प्रशासन की उदासीनता को लेकर नाराजगी व्याप्त है। बतादे की एम्बुलेंस को अस्पताल तक पहुंचने में घंटों लग जाते हैं। जबकि अस्पताल के सामने ही सड़क और रास्ता अतिक्रमण से भरा हुआ है। नगर परिषद को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं शहीद पार्क जैसी सार्वजनिक जगह पर अतिक्रमण ने बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा पैदा कर दिया है। नगर परिषद को इस पर ध्यान देना ही होगा।

नगरवासियों की मांग है कि नगर परिषद अब उदासीनता छोड़कर इन अतिक्रमणों को तुरंत हटाए और अस्पताल के सामने तथा शहीद पार्क में रास्तों और सार्वजनिक स्थलों को सुचारू बनाए। उनका कहना है कि इससे न केवल आम जनता को सुविधा होगी बल्कि आपातकालीन सेवाओं में भी कोई रुकावट नहीं आएगी। सुसनेर नगर में यह मामला नगर परिषद के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है। अब नगरवासियों की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि कब तक वे कार्रवाई करके सार्वजनिक स्थलों और अस्पताल के रास्तों को सभी के लिए सुरक्षित बनाएंगे।

### इनका कहना

अतिक्रमण के मामले में संबंधित लोगों को नोटिस दिया जाएगा और कानूनी कार्रवाई के तहत गुमटियां व अवैध निर्माण हटाया जाएगा। जनता की सुविधा और अस्पताल के रास्तों को सुचारू बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है।

**-ओपी नागर**
**सीएमओ नगर परिषद सुसनेर**

# आश्रय साख सहकारी संस्था मर्यादित अंजड़ का समस्त रिकार्ड जप्ती हेतु जप्ती अधिकारी की नियुक्ति

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सहायक पंजीयक (प्रशासन), सहकारी संस्थाएँ बड़वानी द्वारा प्राप्त आदेशानुसार आश्रय साख सहकारी संस्था मर्यादित अंजड़ में बर्हिगामी संचालक मण्डल/पदाधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा उन्हें संस्था का रिकार्ड/ खाताबही /ऋण प्रकरण एवं अभिलेख सुपुर्द / प्रभार में नहीं दिये गये है तथा संस्था द्वारा वितरित ऋण की वसूली करने में सहयोग नहीं कर रहें है, जिसमें जमाकर्ता सदस्यों द्वारा जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाईन में निरतंर शिकायतें की जा रहीं है। संस्था के ऋणी सदस्यों के विरूद्ध नियमानुसार वसूली हेतु सक्षम न्यायालय में वाद प्रकरण दायर किये जाना है। किन्तु रिकार्ड के अभाव में नियमानुसार वसूली हेतु वैधानिक / प्रशासनिक / न्यायालयीन कार्यवाही नहीं की जा सकी है। साथ ही स्थिति ऋण प्रकरणों में बकायादारों, ऋणी सदस्यों की समस्त नस्तियां एवं लेनदारों-देनदारों की वर्तमान स्थिति की सूची सहित उपलब्ध कराने के लिये बर्हिगामी संचालक मण्डल के सदस्यों को लिखित में मौखिक / प्रत्यक्ष में निरंतर सम्पर्क करने आदि के बावजूद रिकार्ड प्रस्तुत नहीं कर, रिकार्ड छुपाया जा रहा है। जिससे संस्था में रिकार्ड की अफरा-तफरी होने, रेकार्ड नष्ट होने, खुर्द-बुर्द होना आदि होने की संभावना व्यक्त की गयी है। संस्था के बर्हिगामी भूतपूर्व पदाधिकारी श्री विजय जय किशन मालवीय अध्यक्ष, श्री लोकेन्द्र शंकरलाल पाटीदार उपाध्यक्ष, श्रीमति रेखा नितिन आवल्या, श्री कमल मंशाराम पाटीदार, श्री दिनेश सीताराम पाटीदार, श्री नितिन शिवराम आवल्या, श्री मांगीलाल देवजी चौधरी, श्री महेश सीताराम चौधरी, श्री सुनिल जगदीश मालवीय, श्री प्रवीण जगदीश भायल, श्री शैलेन्द्र महेन्द्र जैन, श्री धमेन्द्र महेन्द्र जैन, श्रीमती रेखा महेश चौधरी, श्रीमती बबीता विजय मालवीय, श्री हिरालाल कालू शिवदे है तथा संस्था के वैतनिक कर्मचारी श्री शैलेन्द्र मंगलप्रसाद शर्मा - संस्था प्रबंधक, श्री महेश कैलाश सेन-लेखापाल एवं श्री जितेन्द्र रतनसिंह सोलंकी सहायक लिपिक है जप्ती अधिकारी की नियुक्ति आश्रय साख सहकारी संस्था मर्यादित अंजड़का समस्त रिकार्ड/बर्हिगामी संचालक मण्डल/पदाधिकारी/कर्मचारियों से रिकार्ड जप्ती कर प्रशासक को उनकी अभिरक्षा में दिया जाना नितान्त आवश्यक है। अतः सहायक पंजीयक (प्रशासन) सहकारी संस्थाएँ बड़वानी, म.प्र.सहकारी समितियां अधिनियम 1960 की धारा 57 (1) के तहत तथा म.प्र.शासन सहकारिता विभाग म.प्र. भोपाल के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आश्रय साख सहकारी संस्था मर्यादित अंजड़ का समस्त रिकार्ड / अभिलेख / खाता बही / बकाया ऋण प्रकरण नस्तियां आदि जप्त करने हेतु श्री जे.एस.चौहान अंकेक्षण अधिकारी, सहकारिता बड़वानी को जप्ती अधिकारी नियुक्त करता हूँ।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# सिंहस्थ 2028 की तैयारी तेज... उज्जैन में बनेंगे नए ट्रैफिक जंक्शन

**पूरा शहर होगा हाईटेक निगरानी में - नए इंट्री-एग्जिट पॉइंट और 1000 कैमरों से लैस होगा सिंहस्थ क्षेत्र**



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए उज्जैन शहर में ट्रैफिक प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। शहर में 50 नए ट्रैफिक जंक्शन स्थापित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य अत्यधिक बढने् वाले यातायात को नियंत्रित करना और सिंहस्थ अवधि में होने वाली भीड़-भाड़ को व्यवस्थित ढंग से संभालना है। स्मार्ट सिटी कंपनी इस पूरी योजना का खाका तैयार कर रही है और जल्द ही इसका क्रियान्वयन शुरू होगा।

शहर में करीब 6 वर्ष पहले इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत कई आधुनिक सुविधाएँ स्थापित की गई थीं। वर्तमान में उज्जैन में 16 स्मार्ट ट्रैफिक जंक्शन, 7 एंट्री-एक्जिट पॉइंट पर कुल 306 निगरानी कैमरे, 12 स्थानों पर स्पीड डिटेक्शन सिस्टम, 40 लोकेशन पर वेरिएबल मैसेज डिस्प्ले तथा 75 जगहों पर इमरजेंसी कॉल बॉक्स मौजूद हैं। इन सिस्टमों ने न केवल ट्रैफिक अनुशासन को मजबूत किया है बल्कि अपराध नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सिंहस्थ-2028 के दौरान लगभग 30 करोड़ श्रद्धालुओं के उज्जैन आने की संभावना जताई जा रही है। इतनी भारी संख्या में लोगों और वाहनों की आवाजाही के बीच यातायात नियंत्रण बड़ी चुनौती होगी। इसी के चलते स्मार्ट सिटी कंपनी आंतरिक और बाहरी मार्गों पर नए जंक्शन की साइट चिन्हित कर रही है। संबंधित विभागों से चर्चा जारी है और इंट्री-एग्जिट रूट्स अंतिम रूप मिलते ही प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

पूरे सिंहस्थ क्षेत्र में लगेंगे 1000 स्मार्ट कैमरे- महाकाल लोक के निर्माण के बाद से ही शहर में श्रद्धालुओं की संख्या में तीन से चार गुना तक वृद्धि देखी जा चुकी है। आगामी सिंहस्थ में यह संख्या कई गुना बढने् की संभावना है। ऐसे में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्मार्ट सिटी पूरे सिंहस्थ क्षेत्र में करीब 1000 कैमरे लगाने की तैयारी कर रही है।

इन सभी कैमरों का नियंत्रण पुलिस विभाग के बजाय सिंहस्थ मेला कार्यालय में बनाए जा रहे अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से होगा। वहीं से डेटा मॉनिटरिंग, फुटेज स्टोरेज और रियल-टाइम सुरक्षा विश्लेषण किया जाएगा। वीआईपी मूवमेंट से लेकर भीड़ प्रबंधन तक ऑल इन वन सिस्टम प्रशासन के लिए सहायक सिद्ध होगा। सिंहस्थ 2028 को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और तकनीकी रूप से आधुनिक बनाने के लिए उज्जैन प्रशासन और स्मार्ट सिटी कंपनी तैयारियों में जुटी है। नई ट्रैफिक परियोजनाएं शहर की स्थायी यातायात व्यवस्थाओं को भी मजबूत बनाएंगी। इससे सिंहस्थ के बाद भी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बहाल रखने में मदद मिलेगी।

# एड्स जागरूकता पर कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने दिया भाषण



**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन महाविद्यालय में एनएसएस एवं रेड रिबन के संयुक्त तत्वावधान में एड्स जागरूकता के लिए एनएसएस प्रभारी डॉ. मोनिका परमार एवं डॉ.मीरा यादव के संयोजन में विषय संबंधित निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना, इससे जुड़े मिथकों को दूर करना तथा स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की अनेक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता, प्रस्तुतीकरण और विचारों से सभी को प्रभावित किया। निर्णायक मंडल ने विषय की समझ, भाषा-शैली, तार्किकता और प्रस्तुति के आधार पर परिणाम घोषित किए।

निबंध प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे-

प्रथम पुरस्कारः संध्या पांचाल

द्वितीय पुरस्कारः शालिनी प्रजापत तृतीय पुरस्कारः बतुल

भाषण प्रतियोगिता के परिणाम

प्रथम पुरस्कारः प्रियांशी

द्वितीय पुरस्कारः अंशिका

तृतीय पुरस्कारः शालिनी प्रजापत

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता छात्राओं को सम्मानित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने विश्व एड्स दिवस का संदेशकृ सावधानी, जागरूकता एवं संवेदनशीलता ही सुरक्षा है÷कृको रेखांकित करते हुए सभी छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन छै प्रभारी डॉ . मीरा यादव ने किया महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों की उपस्थिति रही तथा उन्होंने छात्राओं को सामाजिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। विश्व एड्स दिवस पर आयोजित यह प्रतियोगिताएँ न केवल ज्ञानवर्धक रहीं, बल्कि छात्राओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी सुदृढ़ किया।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार माताजी की जन्म शताब्दी पर ज्योति कलश रथ उज्जैन पहुंचा



**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखिल विश्व गायत्री परिवार माताजी भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी क्रम में जन्म शताब्दी ज्योति कलश रथ गुना जिले के यात्रा करता हुआ उज्जैन जिले में पहुंचा। रथ का स्वागत ग्राम कनार्दी में नंदकिशोर पाटीदार एवं नारायण जी के साथ सैकड़ो परिजन ने किया वहां से जन्म शताब्दी रथ 5 बजे गायत्री शक्तिपीठ पहुंचा। इस बीच ग्राम करंज तराना कनीपुरा चिमनगंज मंडी चौराहा इंदिरा नगर आदि अनेक स्थानों पर गायत्री परिजनों और नागरिकों के द्वारा श्रद्धापूर्वक ज्योति कलश रथ का भव्य स्वागत किया गया। मुख्य कार्यक्रम गायत्री शक्तिपीठ पर संपन्न हुआ। जहां पर अनुभवा नंदजी रामकृष्ण मिशन उज्जैन एवं प्रभाकर सोनोने उप जोन समन्वयके द्वारा के ज्योति कलश रथ का पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार उज्जैन के अनेक परिजन उपस्थित थे। उन्होंने श्रद्धापूर्वक ज्योति कलश व्रत का पूजन अर्चन संपन्न किया। इसके बाद गायत्री शक्ति पीठ पर दीप यज्ञ का आयोजन हुआ। इसके पश्चात भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सतीश शर्मा एवं आभार प्रदर्शन बाबूलाल बाड़ोलिया द्वारा किया गया। यह ज्योति कलश रथ 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक उज्जैन जिले में भ्रमण करेगा। 1-2 दिसंबर को उज्जैन शहर में विभिन्न स्थानों पर आयोजन संपन्न होंगे।

# हत्या के आरोपियों ने अपने साथी के साथ की थी मारपीट

**घायल की इंदौर में उपचार के दौरान मौत, आरोपियों पर दूसरा मामला दर्ज**



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 22-23 नवंबर की रात हुई हत्या में शामिल रहे युवक को हत्या करने वालों ने ही जमकर पीटा था और घायल होने पर घर छोड़कर भाग निकले थे पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया तो उसकी हालत ठीक नहीं थी उसे अस्पताल में भर्ती किया गया जहां से इंदौर रेफर कर दिया गया जहां उपचार के दौरान रविवार को मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का दूसरा प्रकरण भी दर्ज कर लिया है।

एकतानगर में 22-23 नवंबर की रात पशु बाड़े में आधा दर्जन युवक बाड़े में घुसे और वहां सो रहे अक्कू पिता मुरली मालवीय 32 वर्ष की हत्या कर दी थी इस दौरान अक्कू की हत्या में लखन पिता रामेश्वर चौधरी निवासी सुतार बाखल पंवासा भी शामिल था। अन्य आरोपियों में अंकित पारोचे, लक्की पारोचे, बिट्टू पारोचे निवासी नानाखेड़ा और बिट्टू बसोड़ और विशाल के साथ पुलिस ने लखन के खिलाफ भी मामला दर्ज किया था। अक्कू की हत्या के बाद उसे पुलिस ने गिरफ्तार किया तो वह घायल और बेहोशी की हालत में मिला। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती किया जहां से इंदौर रेफर कर दिया गया था परिजनों से पूछताछ के बाद पता चला था कि लखन को घर छोड़ने आए साथियों ने बताया था कि गिरने से घायल हुआ है इसलिए बेहोश है। बाद में होश आने पर उसने साथियों द्वारा मारपीट करना बताया था लेकिन हत्या में शामिल होने की बात नहीं कही थी। थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि लाखन का उपचार इंदौर में चल रहा था जिसकी रविवार को मौत हो गई। मामले में उसके साथियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

अक्कू की हत्या के बाद सभी आरोपी गिरफ्तार- अक्कू की हत्या के बाद पुलिस ने सभी आरोपी अंकित पारोचे, लक्की पारोचे, बिट्टू पारोचे निवासी नानाखेड़ा और बिट्टू बसोड़ और विशाल के साथ पुलिस ने लखन को गिरफ्तार किया था। लखन की हालत ठीक नहीं होने पर उसे अस्पताल में भर्ती किया गया था। बाकी आरोपियों को जेल भेज दिया गया। अब लखन की मौत होने पर जेल भेजे गए आरोपियों को पूछताछ के लिए पुलिस प्रोटेक्शन वारंट पर थाने ला सकती है।

# कलेक्टर श्री सिंह ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक की

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा सोमवार को समयावधि पत्रों की विभागवार समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिले में संचालित एस आई आर कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि समस्त बीएलओ द्वारा निर्धारित समय में उक्त कार्य पूर्ण किया जाए। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का समय पर निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। सीएम हेल्प लाइन एवं समाधान आनलाइन की शिकायतों का निराकरण भी समय सीमा में किया जाए। 300 दिवस से अधिक शिकायतों का निराकरण शीघ्रता से किया जाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में खाद वितरण की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय-समय पर किसानों की मांग अनुसार उन्हें खाद उपलब्ध कराया जाए। बैठक में भावांतर योजना की समीक्षा भी की गई ।

बैठक में एम पी पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई कि यह पोर्टल विभिन्न सरकारी विभागों, संस्थानों और संगठनों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं तक पहुंचने के लिए एक सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। इस पर 56 विभागों की 1700 से अधिक सेवाएं उपलब्ध हैं। नागरिक घर बैठे ही सरकारी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस पर सेवाओं की स्थिति को ट्रैक किया जा सकता है। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट, एडीएम श्री अत्येन्द्र सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्री शाश्वत शर्मा तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जन जागृति रैली का आयोजन किया गया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सोमवार को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर डॉ. रवींद्र कुमार पाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. अरुण कुमार कुशवाह, क्षय नियंत्रण एवं एचआईवी यूनिट के अधिकारी/कर्मचारी नर्सिंग, महाविद्यालय स्टॉफ, छात्राएं, अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। सोमवार को प्रातः 9~30 बजे जिला उज्जैन में विभाग द्वारा जन जागृति रैली का आयोजन किया गया। रैली कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उज्जैन से प्रारम्भ होकर शहर के विभिन्न स्थानों से निकाली गई। रैली क्षीर सागर ग्राउंड पर समाप्त हुई। रैली को प्रभारी अधिकारी एवं जिला टीकाकरण अधिकारी विश्व एड्स दिवस 2025 की थीम सही रास्ता अपनाएं मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार है। इस दिवस को अयोजित करने का उद्देश्य एच. आई.वी. रोग के प्रति पूरे विश्व में एक जुटता प्रदर्शित करना है। हमारे बीच में वे लोग जो एचआईवी से ग्रसित है। हमें उनको सहायता प्रदान करना है, जो इस बीमारी के कारण असामयिक रूम से मृत्यु को प्राप्त हुए हैं उनको श्रद्धांजलि देना है। एड्स जिस वायरस के कारण होता है उसका नाम एच. आई.वी है। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को धीरे-धीरे कम करता है, जब यह क्षमता क्षीण हो जाती है तो शरीर में विभिन्न रोगों के लक्षण प्रकट होने लगते हैं इस अवस्था को एड्स कहते हैं।

# सावधानी और जागरूकता से कम हो रहे हैं एड्स के मरीज

**पिछले वर्ष 164 एड्स रोगी मिले थे, इस बार 107 - चरक अस्पताल से निकली जागरुकता रैली**




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सरकार के जागरूकता कार्यक्रम और लोगों द्वारा सावधानी बढ़ते जाने के चलते एड्स के मरीज का आंकड़ा हर साल काम होता जा रहा है, ऐसा ही रहा तो आने वाले दिनों में एड्स के मरीज जिले में कम मिलेंगे। पिछले साल की अपेक्षा इस साल 57 कम एड्स के रोगी मिले हैं। आज सुबह चरक अस्पताल परिसर से स्वास्थ्यकर्मियों ने एड्स से बचाव और जानकारी के लिए जागरुकता रैली भी निकाली।

सीएमएचओ डॉ. पटेल ने बताया पिछले साल 39 हजार 981 जाँच की गई थी, जिन मरीजों में कुछ लक्षण दिखाई दे रहे थे। जाँच के बाद इनमें से 164 एड्स से ग्रसित पाए गए थे। इसमें 14 गर्भवती महिलाओं में भी एड्स रोग के लक्षण मिले थे, वहीं इस वर्ष 2025 में अब तक 39 हजार जाँच की जा चुकी है। इस जाँच में 107 लोग एड्स से ग्रसित मिले हैं, वहीं 4 गर्भवती महिलाओं में भी लक्षण पाए गए हैं। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि एड्स के रोगी जिले में अब लगातार कम होते जा रहे हैं, इसके पीछे सीएमएचओ ने बताया कि सरकार द्वारा जागरूकता के लिए लगातार कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, वहीं नागरिकों में भी जागरूकता आई है और लोग सावधानी बरत रहे हैं। सीएमएचओ ने बताया इन सभी लोगों का सरकार द्वारा इलाज भी किया जा रहा है और इलाज के दौरान मरीज का नाम और उसकी स्थिति को गोपनीय रखा जाता है, इसलिए यदि ऐसे किसी भी व्यक्ति में लक्षण हो तो तत्काल वह जिला अस्पताल में अपना परीक्षण कराकर लगातार दवाई ले सकता है। रोग से ग्रसित होने के बावजूद दवाई लेने से व्यक्ति 20 से 25 साल तक जीवित रह सकता है। सरकार द्वारा इसके लिए कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं और उसमें यही अपील की जाती है कि इस रोग से डरे नहीं अपना इलाज करवाएं। इधर विश्व एड्स दिवस पर आज सुबह चरक अस्पताल परिसर में सभी चिकित्सक और नर्सिंग स्टॉफ मौजूद रहा। यहां से जागरुकता रैली निकाली गई। रैली में स्वास्थ्यकर्मियों के हाथों में उक्त बीमारी से संबंधित उपचार और बचाव तथा सावधानियां से संबंधित स्लोगन लिखे हुए थे। रैली अस्पताल परिसर से आरंभ होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई वापस जिला अस्पताल परिसर में समाप्त हुई।

# कर्मयोगी श्री कृष्ण से मिले जीवन के आदर्श

**उज्जैन में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर सीएम डॉ. यादव ने कहा- उज्जैन में बनेगा आकर्षक गीता भवन**



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भगवान श्रीकृष्ण के जीवन का मूल सार कर्म, कर्तव्य और धर्म की स्थापना रहा है। उनके जीवन के प्रत्येक प्रसंग में त्याग, संघर्ष और कर्तव्यपालन की प्रेरणा मिलती है। गीता में उन्होंने जीवन के गूढ़ सत्य और कर्मयोग का संदेश दिया, जिसे आज भी संपूर्ण विश्व मार्गदर्शन के रूप में स्वीकार करता है। इन्हीं प्रेरणाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु पूरे प्रदेश में गीता महोत्सव मनाया जा रहा है और उज्जैन में गीता के दर्शन पर आधारित भव्य गीता भवन का निर्माण भी किया जा रहा है।

यह बात सोमवार को सुबह दशहरा मैदान पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबोधन देते हुए कही। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का पूरा जीवन कर्मशीलता का जीवंत उदाहरण है। बाल्यावस्था में ही उन्होंने वृंदावन और गोकुल में कई अत्याचारियों का संहार किया तथा कम उम्र में ही आतताई कंस का वध कर मथुरा को अत्याचारों से मुक्त कराया। अपने नाना को राज्य सौंपकर उन्होंने नई द्वारका बसाई और वहीं से द्वारकाधीश के रूप में आदर्श शासन की स्थापना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह भी कहा कि भगवान श्री कृष्ण चाहते तो वे आराम से राज्य का उपभोग कर सकते थे, लेकिन उन्होंने सदैव धर्म के पथ को प्राथमिकता दी। अपनी बुआ के पुत्रों के संकट निवारण से लेकर महाभारत के युद्ध में अर्जुन के सारथी बनकर गीता का दिव्य ज्ञान देने तक, श्रीकृष्ण ने हर भूमिका में श्रेष्ठता का परिचय दिया। वे एक आदर्श पुत्र, एक प्रिय मित्र, संकटमोचक भाई, मार्गदर्शक गुरु और आदर्श राजा रहे। उनकी कर्मप्रधान जीवनशैली आज भी दुनिया के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हुई है। महोत्सव का शुभारंभ साधु-संतों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में प्रवचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, गीता ज्ञान यज्ञ और श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उज्जैन में आयोजित यह अनूठा आयोजन कर्मयोग, धर्म और कर्तव्यपालन के संदेश को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने का कार्य करेगा।

# सिहस्थ 2028 का नेतृत्व करेगी अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, उज्जैन में बनी स्थानीय परिषद को किया भंग



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी 2028 में होने वाले सिंहस्थ महापर्व का नेतृत्व प्रत्येक सिहस्थ, कुंभ मेले की भांति अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद करेगी। अखाड़ा परिषद के नेतृत्व में ही सिंहस्थ 2028 के सभी कार्य संपन्न होंगे।

सिहस्थ के निर्माण कार्य सहित अन्य प्रयोजन, शासन- प्रशासन के साथ प्रारंभ हो गए हैं। ऐसे में शिप्रा तट स्थित दत्त अखाड़े में आयोजित संतों की बैठक में एक मत से निर्णय लिया गया कि सिंहस्थ 2028 के कुंभ मेले की सारी व्यवस्था के लिए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के नेतृत्व में ही कुंभ मेला संपन्न होगा। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी ट्रस्ट हरिद्वार के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज, अखाड़ा के मुख्य संरक्षक श्री जूना अखाड़ा के मुख्य संरक्षक और अखिल भारतीय आखड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के नेतृत्व में सभी स्थानीय अखाड़े, उनके बताए अनुसार कार्य करेंगे। दत्त जुना अखाड़े में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्रीमहंत आनंदपुरी महाराज ने कहा कि क्योंकि पूर्व में स्थानीय अखाड़ा परिषद का गठन साधु संतों के छोटे-छोटे कार्यों के लिए किया गया था अब सिहस्थ जैसा बड़ा महा आयोजन होना है, ऐसे में स्थानीय अखाड़ा परिषद को तत्काल भंग करते हुए सभी ने अपने-अपने त्यागपत्र देने के साथ ही स्थानीय अखाड़ा परिषद को भंग करने की घोषणा की। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय भी पारित हुआ कि रवींद्र पुरी महाराज और हरी गिरी महाराज के नेतृत्व में सभी अखाड़े मेले का कार्य करेंगे एवं स्थानीय स्तर पर भी जो कुछ, चर्चा, समस्या, कार्य करने होंगे उनके मार्गदर्शन में किए जाएंगे, वही इस बैठक के निर्णय की सूचना शासन प्रशासन को भी भेज दी गई है, कि सिंहस्थ संबंधित जो भी कार्य पत्राचार करने हो वह अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद से करे। बैठक में जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय सचिव श्रीमहंत रामेश्वर गिरी महाराज, महानिर्वाणी अखाड़े के महंत श्रीमहंत श्याम गिरी महाराज राधे राधे बाबा, अटल अखाड़े के श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज आदी।

# श्रद्धालुओं का सिंहस्थ 2028 का अनुभव होगा भव्य, दिव्य और आलौकिक- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन प्रवास के दौरान गत शनिवार को सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए जा रहे नवीन घाट निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि घाटों पर हरियाली होनी चाहिए और सभी घाटों के निर्माण में एकरूपता होनी चाहिए। घाट निर्माण के पश्चात घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं और संसाधन भी सुनिश्चित किए जाएं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिहंस्थ 2028 के सभी कार्य गुणवत्ता पूर्व और समय अवधि में पूर्ण हो जिससे श्रद्धालुओं का सिंहस्थ 2028 का अनुभव भव्य, दिव्य और आलौकिक बने। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भविष्य में घाट आधारित विकास की कार्य योजना पर भी कार्य किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गत 31 मई को 779 करोड़ रूपए की लागत राशि से शिप्रा नदी पर 29.15 किमी लंबे नवीन घाटों के विकास कार्य का भूमि पूजन किया था। नवीन घाट निर्माण और मौजूदा घाटों के उन्नयन के पश्चात 24 घंटे में लगभग 04 करोड़ से अधिक श्रद्धालु सिंहस्थ के दौरान स्नान कर सकेंगे। इससे श्रद्धालुओं को सुविधापूर्वक स्नान हो सकेंगे साथ ही प्रशासन को भीड़ प्रबंधन में भी सहायता मिलेगी।

# एसआईआर डिजिटाइजेशन में उज्जैन दक्षिण सबसे पीछे, बड़नगर आगे चल रहा



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला निर्वाचन आयोग की सख्ती के बाद जिले में एसआईआर डिजिटाइजेशन का काम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाया हैं। स्थिति यह है कि सर्वे के काम में उज्जैन दक्षिण और उज्जैन उत्तर जिले की अन्य विधानसभाओं मे सबसे पीछे चल रहे हैं। जबकि बड़नगर विधानसभा सबसे आगे। जिले में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम शनिवार शाम तक औसतन 88.91 फीसदी पूरा कर लिया था। इस कार्य को शत-प्रतिशत पूरा करने की प्रशासन द्वारा तय डेडलाइन रविवार की है। दावा किया जा रहा है कि एसआईआर का बचा लक्ष्य समय सीमा में पूरा कर लिया जाएगा। एसआईआर के तहत जिले की सभी सात विधानसभाओं के 1871 मतदान केंद्रों के कुल 15 लाख 96 हजार

103 मतदाताओं के सर्वे पत्रक भरवाकर इन्हें डिजिटलाइज्ड किए जाने का लक्ष्य हैं। शनिवार शाम तक इनमें से 14 लाख 91 हजार 29 मतदाताओं के फॉर्म भरकर उन्हें डिजिटलाइज्ड कर दिया था। ऐसे में अब 1 लाख 77 हजार 74 मतदाताओं के प्रपत्र भरे जाने बाकी रह गए हैं। निर्वाचन आयोग

**कहाँ कितना प्रतिशत काम हुआ..**

विधानसभा - डिजिटलाइज्ड प्रतिशत में

बड़नगर- 98.43

महिदपुर- 96.11

घट्टिया- 95.79

नागदा-खाचरौद- 94.78

तराना- 93.46

उज्जैन उत्तर- 76.13

उज्जैन दक्षिण- 73.02

औसतन- 88.91

नोट-आंकड़े व जानकारी उप जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त, आंकड़े प्रतिशत में

से इस कार्य की डेडलाइन 4 दिसंबर तय है। प्रशासन अपनी इस डेडलाइन में लक्ष्य के लगभग करीब है, क्योंकि 11.09 फीसदी मतदाताओं का सर्वे और बचा हुआ है। यदि रविवार को भी यह काम पूरा नहीं हुआ तो 4 दिसंबर के बीच पूरा हो ही जाएगा। बताया जा रहा है कि 4 दिसंबर के बाद एसआईआर प्रक्रिया का दूसरा कार्य शुरू होगा। इसके तहत इस सर्वेक्षण में जो मतदाता नहीं मिले हैं, जिनके फॉर्म नहीं भरे जा सके हैं। उनके लिए 9 दिसंबर के बाद नोटिस जारी किए जाएंगे। इस प्रक्रिया के तहत उनके प्रपत्रों की पूर्ति करवाने के प्रयास होंगे।